तापमान

अधिकतम 33.6 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



अग्रसेन जयंती के अवसर पर महिलाओं ने दी आकर्षक प्रस्तुति।

औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

राज्यपाल रमेन डेका का नगर आगमन आज

बिलासपुर। राज्यपाल रमेन डेका 7 अक्टूबर को बिलासपुर प्रवास निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार



राज्यपाल दोपहर 2 बजे लोक भवन, रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.45 बजे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सतपुड़ा अतिथि गृह बिलासपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद राज्यपाल शाम 5.35 बजे बिलासपुर से सड़क मार्ग द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

डिप्टी सीएम कार्यक्रमों में शामिल होंगे आज

बिलासपुर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव 7 अक्टूबर बुधवार को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। वे सेवा



संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा ज्योति कलश यात्रा तथा 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री साव सुबह 7.30 बजे नवा रायपुर स्थित अपने निवास से कार द्वारा बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे सुबह 9.30 बजे बहतराई खेल स्टेडियम पहुंचेंगे और सुबह 11.30 बजे तक सेवा ज्योति कलश यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह यात्रा बहतराई खेल स्टेडियम से सरकंडा खेल परिसर तक आयोजित होगी। उप मुख्यमंत्री सुबह 11.40 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक बहतराई स्थित स्व. बी. आर. यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। श्री साव दोपहर 2 बजे बिलासपुर से अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज

बिलासपुर। भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कलेक्टोरेट शाखा में समस्त पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक 7 अक्टूबर बुधवार को शाम 4-30 बजे होगी। इसमें पेंशनरों की समस्याओं पर विचार -चर्चा एवं समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कलेक्टोरेट शाखा ने समस्त पेंशनरों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

एजी ऑफिस से तीन विधि अफसरों ने दिया इस्तीफा

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ महाधिवक्ता कार्यालय में मंगलवार को तीन विधि अधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इनमें उप महाधिवक्ता डॉ. सौरभ कुमार पांडे, सरकारी अधिवक्ता शैलजा शुक्ला और उप सरकारी अधिवक्ता नितांश जायसवाल शामिल हैं। तीनों ने 6 अक्टूबर 2026 से पद छोड़ने के संबंध में अपने इस्तीफे महाधिवक्ता कार्यालय को सौंपे हैं।

डॉ. सौरभ कुमार पांडे और नितांश जायसवाल ने अपने इस्तीफे में व्यक्तिगत कारणों और व्यक्तिगत परिस्थितियों का हवाला दिया है। दोनों ने कहा है कि इन्हीं परिस्थितियों के कारण वे संबंधित पदों पर आगे बने रहने में असमर्थ हैं।

बोनस के 5 हजार करोड़, धान से 1760 करोड़ की होगी धनवर्षा

बाजार में आएगा उछाल ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, सराफा और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही रेलवे, एसईसीएल और एनटीपीसी के लाखों कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। इन प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा बोनस और परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) की घोषणा के बाद कर्मचारियों के खातों में करोड़ों रुपए जल्द ट्रांसफर होने की बात कही जा रही है। इधर दशहरा और दिवाली बाजार पूरी तरह तैयार है। निजी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी दिवाली के पूर्व बोनस मिलेंगे। बालको और एलएंडटी कंपनी भी अपने कर्मचारियों को हर साल दिवाली बोनस प्रदान करती है। वित्तीय विशेषज्ञों और चैंबर ऑफ कॉमर्स का अनुमान है कि अकेले इन तीन विभागों से देश और स्थानीय स्तर (विशेषकर छत्तीसगढ़ और कोयला अंचल) के बाजारों में 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक की नकदी का प्रवाह होगा। इससे ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, सराफा (सोना-चांदी) और रियल एस्टेट सेक्टर में भारी उछाल आने की उम्मीद है।



एसईसीएल

कोल इंडिया और उसकी अनुषंगी कंपनी एसईसीएल में कार्यरत करीब 2.01 लाख गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए इस वर्ष 1,10,250 रुपए का बंपर बोनस तय हुआ है। अकेले कोल इंडिया इस मद में लगभग 2,216 करोड़ रुपए की भारी राशि जारी कर रही है, जिसे 15 अक्टूबर 2026 तक कर्मचारियों के खातों में भेज दिया जाएगा। इसके अलावा 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच सेवानिवृत्त हुए 8,351 कर्मियों को भी इसका लाभ मिलेगा। एसईसीएल के 32 हजार कर्मचारियों को कुल 353 करोड़ रुपए का बोनस मिलेगा। ध्यान रहे कि वर्ष 2024 में कोयला कर्मियों को 93,750 पीएलआर मिला था, जबकि वर्ष 2025 में यह राशि 1.03 लाख रही थी।

एसईसीआर

केंद्र सरकार अगले 10 दिनों में रेल कर्मचारियों के सालाना बोनस की घोषणा कर सकती है। इस बार भी रेल कर्मचारियों को 78 दिनों का बोनस मिलने की संभावना है। बोनस की रकम फिर से 17 हजार 951 रुपए हो सकती है। बिलासपुर जोनल मुख्यालय से लेकर रायपुर, बिलासपुर और नागपुर डिवीजन के 38 हजार से ज्यादा कर्मचारियों को 34 हजार करोड़ रुपए से अधिक का बोनस मिलेगा हालांकि, इस राशि को लेकर रेल कर्मचारियों और उनके संगठनों के बीच काफी असंतोष है। अभी रेल कर्मचारियों को सात हजार रुपए की सीलिंग पर बोनस का भुगतान होता है। मांग है कि सातवें वेतन आयोग के लागू होने के बाद कर्मचारियों का न्यूनतम मूल वेतन बढ़कर 18 हजार रुपए हो चुका है।

एनटीपीसी

देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी में कार्यरत कर्मियों के लिए बोनस का प्रावधान खत्म कर दिया गया है। श्रमिक संघ के साथ बैठक में सहमति बनने के बाद प्रबंधन द्वारा वर्ष 2020 से परफार्मेंस रिलेटेड पे (पीआरपी) के तहत राशि का भुगतान कर्मियों को किया जा रहा है। ग्रेड के अनुसार पिछले वर्ष न्यूनतम 1.50 लाख व अधिकतम 4.50 लाख रुपए का भुगतान कर्मियों को किया गया था। इस बार इससे ज्यादा राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों का कहना है कि राशि का भुगतान दशहरा के पहले कर दिया जाएगा। ध्यान रहे कि एनटीपीसी सीपत में ही नियमित कर्मचारियों की संख्या करीब 400 तो कुल संविदा, ठेका और अन्य सहयोगी कर्मचारियों सहित 2 हजार कर्मी हैं। 1,000 से 2,500 तक होता है।

बाजार में दिखेगा बूम

बाजार के जानकार मानते हैं कि इस राशि से त्योहारी सीजन में दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रानिक सामान की मांग बढ़ सकती है। कपड़ा, आभूषण, फर्नीचर तथा घर की साज-सज्जा से जुड़े कारोबारियों को भी इससे अतिरिक्त ग्राहक मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही लोग बोनस के पैसों का उपयोग नई कार, स्कूटर या बाइक खरीदने के लिए डाउन पेमेंट के रूप में करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स के साथ ही रियल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन में राशि का निवेश किया जाता है।

भरपूर बारिश से होगी अच्छी पैदावार, चमकेगा बाजार



- बीते साल जिले के किसानों को 1601 करोड़ का किया गया था भुगतान
- इस साल भरपूर बारिश से पैदावार में दस प्रतिशत बढ़ोतरी की संभावना

त्योहारी सीजन आते ही बाजार चमकने लगा है। नौकरी और व्यवसाय से जुड़े लोगों की बड़ी संख्या तो बाजार की रौनक बढ़ाएगी ही, लेकिन ग्राहक के रूप में इस बार किसानों की संख्या भी कम नहीं होगी। बीते वर्ष जिले के सवा लाख किसानों को धान का 1601 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था, लेकिन इस साल भरपूर बारिश से उत्पादन में करीब दस प्रतिशत की बढ़ोतरी संभावित है। ऐसे में इस साल किसानों के हाथ धान के 1760 करोड़ रूपए आने वाले हैं, जिससे निश्चित रूप से बाजार की चमक बढ़ेगी।

नवरात्र प्रारंभ होते ही त्योहारों का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा, जो दशहरा, दीपावली, छठपर्व, देवउठनी एकादशी, अगहन गुरूवार, क्रिसमस, नववर्ष व मकर संक्रांति तक अपना प्रकाश बिखेरेगा। त्योहार ही एक ऐसा समय है, जब न चाहते हुए भी लोग अपने व अपनों के लिए कुछ नया खरीदना चाहते हैं, जिसके लिए उन्हें बाजार में निकलना पड़ता है। लोगों की इसी सोच और ग्राहकों की भरपूर संख्या से बाजार चमक उठता है। नौकरीपेशा और कारोबारियों के पैसे से तो बाजार हर बार चमकता ही है, लेकिन इस साल बाजार को चमकाने और भरपूर ग्राहकी में अपना योगदान देने में जिले के किसान भी पीछे नहीं रहेंगे।

पिछले साल जिले के 1 लाख 25 हजार 342 किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचा था, जिन्हें सरकार ने 1601 करोड़ का भुगतान किया था। इस साल जिले में पर्याप्त बारिश हुई है। खाद की उपलब्धता को लेकर कहीं से शिकायत भी नहीं आई। जिले के सभी बांधों में लबालब जलभराव है, जिसके गेट धान की फसलों की सिंचाई के लिए अभी से खोल दिए गए हैं। ऐसे में विशेषज्ञों ने बीते वर्ष की तुलना में धान के उत्पादन को लेकर कम से कम दस प्रतिशत की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है। कलेक्टर के निर्देश पर 24 सितंबर को कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खेत में उतरकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का सत्यापन किया गया था, जिसमें उन्होंने इस बात की पुष्टि भी की थी कि इस साल फसल बीते वर्ष की तुलना में बेहतर होगी।

ऐसे में माना जा रहा है कि धान के पैदावार में अगर न्यूनतम दस प्रतिशत की भी बढ़ोतरी हुई तो किसानों के हाथों में सीधे 160 करोड़ रूपए बढ़कर मिलेंगे। बीते साल सरकार ने जिले के किसानों को 1601 करोड़ का भुगतान किया था, जो इस साल बढ़कर 1761 करोड़ रूपए हो जाएंगे। किसानों की झोली भरने की शुरूआत नवंबर महीने के पहले सप्ताह से ही हो जाएगी।

उत्पादन पर पड़ेगा असर

कलेक्टर के निर्देशानुसार कुछ दिनों पूर्व हमारी टीम ने खेत में जाकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का सत्यापन किया था। चूंकि इस साल बारिश पर्याप्त हुई है, जिससे बीते वर्ष की तुलना में फसल की स्थिति काफी अच्छी पाई गई है। इसका असर निश्चित रूप से उत्पादन पर पड़ेगा। - **एमआर तिग्गा,** डीडीए

जूना बिलासपुर, विद्यानगर, सिंधी कालोनी जैसे क्षेत्रों में रात 8 बजे तक बंद रही बिजली

50 किलोमीटर की रफ्तार से चली आंधी बिजली व्यवस्था ध्वस्त, घंटों अंधेरे में गुजरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार को एक बार फिर मौसम ने करवट बदली और 50 किमी की रफ्तार से चली आंधी और बारिश के बाद बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई। इस दौरान बिजली कर्मचारियों को फाल्ट खोजने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है, लेकिन शहर में पंडालों के चलते जाम में फंसी बिजली वाहनों को निकलाने में ही कर्मचारियों के पसीने छूटते रहे। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक क्षेत्रों में रात 8 बजे तक सप्लाई नार्मल हो सकी।

जहां एक ओर मौसम खुलते ही बिजली विभाग शेड्यूल मेंटनेंस में जुटा है, वहीं महज 20 मिनट की आंधी और बारिश ने बिजली विभाग की व्यवस्था पर सेंध लगा दी है। मंगलवार को शहर भर में बिजली बंद रही, इस दौरान तिफरा 33 केवी सबस्टेशन से सप्लाई बाधित हो गई, करीब 3.20 मिनट से 4.45 तक 33 केवी लाइन ठप रही, जिसके चलते व्यापार विहार सबस्टेशन, लिंक रोड सबस्टेशन, आरटीओ सबस्टेशन, इंदू चौक और बृहस्पति बाजार सबस्टेशन बंद रहे, लेकिन सप्लाई शुरू होते ही 11 केवी लाइनों में फाल्ट आने से ब्रेक डाउन हो गया। इस दौरान जूना बिलासपुर, सिंधी कालोनी, इंदू चौक, जेल लाइन, टिकरापारा, कश्यप कालोनी, शांति लॉज, तारबहार, सरकंडा, बंधवापारा जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही, शाम के बाद से हजारों घरों में अंधेरा छा गया। खास बात यह है कि इस दौरान बिजली फाल्ट खोजने में बिजली कर्मचारियों को काफी मेहनत करनी पड़ी है।

पंडालों के चलते कई जगहों पर नहीं घुस सका गैंग वाहन



कैसा मेंटनेंस, कहां की मरम्मत

खास बात यह है कि पिछले 1 हफ्ते से बिजली विभाग के दोनों डिवीजन में मेंटनेंस अभियान चलाया जा रहा है, इस दौरान तारों के बीच में आने वाले पेड़ों को काटा जा रहा है, लेकिन महज 20 मिनट के आंधी और बारिश में सारी व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। पेड़ और डंगाल तार और फीडर पर गिर गए जिसके चलते बिजली बंद हुई है। ऐसे में उपभोक्ताओं के मन में सवाल आ रहा है कि बिजली अधिकारी व कर्मचारी कैसा मेंटनेंस कर रहे है, और किस तरह की मरम्मत कर रहे है।

घनघनाते रहे फोन, आपरेटरों ने नहीं दिया जवाब

दोपहर 3.30 से बंद हुई बिजली शाम ढलने के बाद भी नहीं पहुंचने पर उपभोक्ताओं ने लगातार फ्यूज कॉल नंबर पर काल किया है लेकिन इस दौरान आपरेटरों ने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा, जिसके चलते उपभोक्ताओं को बिजली अधिकारियों को सूचना देनी पड़ी है, लेकिन व्यस्तता के चलते अधिकारियों ने भी फोन उठाने से गुरेज किया है। ऐसे में उपभोक्ताओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

पंडाल बना बाधा, नहीं पहुंच सके वाहन

बताया जा रहा है कि कई जगहों पर बिजली पड़ालों में लगाई गई पन्नी भी उड़कर बिजली तारों से मिल गई, शार्ट सर्किट होने के कारण लाइन ट्रीपिंग होने लगी। बिजली की गैंग वाहनों को पंडालों के आसपास के क्षेत्रों में फाल्ट ढूंढना मुश्किल हो गया। वहीं शाम होते ही शहर की यातायात व्यवस्था में बिजली वाहन फंसी रही, जिसके चलते मरम्मत में बेवहज देरी होती रही है।

ब्रेक डाउन थी लाइन

तेज हवाओं के चलते 33 केवी ब्रेकडाउन हो गया था, इसके बाद फीडर को शुरू कराया गया है, लेकिन फाल्ट आने के कारण कुछ जगहों की बिजली बंद रही है, करीब ढाई घंटे के बाद सभी जगहों पर सप्लाई शुरू हो गई थी।

- **पीएल सिदार,** एसई, बिजली विभाग

भुगतान में देरी पर भिलाई की कंपनी ने ठोंका था दावा, देने की तैयारी भी

हद है... निगम पर ही लगी सवा करोड़ की ब्याज व पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आमतौर पर काम में देरी के मामले में ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाकर निगम द्वारा वसूली की जाती है लेकिन यह शायद पहला मामला होगा जब निगम को ही ठेकेदार को ब्याज और पेनाल्टी की राशि देनी पड़ रही है। भिलाई की कंपनी मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को एक करोड़ 24 लाख रुपए ब्याज की राशि निगम द्वारा दिया जा रहा है। क्यों दिया जा रहा क्योंकि निगम ने सिक्यूरिटी डिपोजिट, तथा परफॉर्मेंस गारंटी की राशि ठेकेदार को समय पर नहीं दी। अब इसमें भी बात यह है कि आखिर जब राशि देनी ही थी तो देरी से क्यों दी गई। इसका जवाब किसी अधिकारी के पास नहीं है और कहा जा रहा है की सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ऐसा किया जा रहा है।

- अशोक नगर में 1232 आवास बनाने का ठेका मेसर्स
- बीएसबीके प्रा.लि. को 62 करोड़ में ठेका मिला था

देखा जाए तो यह निगम के अधिकारियों की लापरवाही और ठेका कंपनी से मिलीभगत का सबसे शानदार उदाहरण है। दरअसल मार्च 2017 में अशोक नगर में 1232 आवास (जी3) बनाने का ठेका



मेसर्स बीएसबीके प्रा.लि. को दिया गया था। कुल 62 करोड़ का यह काम 24 महीने में पूरा करना था। यह काम लेकिन देरी से पूरा हुआ। इसके बाद सिक्यूरिटी डिपोजिट, तथा परफॉर्मेंस गारंटी मिलाकर कुल 4 करोड़ 92 लाख 72 हजार ठेकेदार को वापस कर दिया गया। ठेकेदार ने लेकिन देर से दोनों राशि वापसी पर 6 प्रतिशत ब्याज मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने कुल एक करोड़ 24,24,108 रुपए राशि देने का आदेश दिया है। इसी को लेकर बवाल मचा हुआ है।

6 साल पहले बने मकान हो रहे जर्जर

दरअसल अशोक नगर में झुग्गीवासियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 62 करोड रुपए की लागत से 1232 पक्के मकान बनाए गए हैं। कॉलोनी के अंदर कंक्रीट रोड, स्ट्रीट लाइट, मकानों में खिड़की, दरवाजे और बिजली जैसी सभी सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। लेकिन 6 साल पहले बने इन मकानों का अब तक आवंटन नहीं हो सका हैं। इधर, मकानों का आवंटन नहीं होने के कारण इनकी देख रेख सही ढंग से नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से मकान अब खस्ताहाल होने लगे हैं। खिड़की, दरवाजे टूट रहे हैं। वही कुछ मकानों में नशेड़ियों ने अड्डा जमाकर रख लिया है।

13 हजार झुग्गीवासियों को पक्के मकान का लक्ष्य

गौरतलब है कि 2022 तक शहर में करीब 13000 झुग्गी वासियों के लिए पक्के मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया था जो कि अधूरा है। केंद्र और राज्य सरकार की स्वीकृति भी मिल चुकी है लेकिन इसका 50 फीसदी काम अब भी अधूरा है। प्रत्येक मकान में केंद्र सरकार के डेढ़ लाख, राज्य सरकार का ढाई लाख और लाभार्थी का अंश 75 हजार है। जिसमें दो कमरे, लेट-बाथ और किचन युक्त पक्के मकान की लागत 4.75 लाख रुपए है। बिजली पानी सड़क की व्यवस्था भी इसमें शामिल है।

बोर्ड की परीक्षा फीस जमा करने की आज अंतिम तारीख

बिलासपुर। राष्ट्रीयकृत बैंकों की 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित हड़ताल के चलते विद्यार्थियों और शैक्षणिक संस्थानों के सामने ऑनलाइन शुल्क जमा करने को लेकर संकट खड़ा हो गया था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने प्रदेश के



हजारों नियमित छात्र-छात्राओं को बहुत बड़ी राहत दी थी। मंडल प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नियमित विद्यार्थियों के नामांकन, मुख्य परीक्षा और परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क के ऑनलाइन भुगतान की अंतिम तिथि में एक सप्ताह का विस्तार किया था। पूर्व में मंडल द्वारा ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई थी। बैंकों के बंद रहने अथवा ऑनलाइन बैंकिंग लेन-देन में रुकावट आने की आशंका से स्कूल प्रबंधन और अभिभावक असमंजस में थे। इस मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए मंडल ने समय-सीमा को सीधे सात अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। अब सभी संबद्ध स्कूल और विद्यार्थी बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय दबाव के आगामी सात अक्टूबर तक निर्बाध रूप से ऑनलाइन पोर्टल पर शुल्क भुगतान कर सकेंगे।



कमल सोनी

7 अक्टूबर

प्रदेश अध्यक्ष-छ.ग. सराफा एसोसिएशन
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष-छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स
अध्यक्ष-बिलासपुर सराफा एसोसिएशन
अन्य धार्मिक एवं सामाजिक व्यापारिक संस्थाओं
में अपना सर्वाधिक दायित्व निभाने वाले हमारे भैय्या








प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के सेवा संकल्प अभियान से प्रेरणा लेकर छ.ग. सराफा व्यापारियों और उपभोक्ताओं को जागरुकता अभियान के जनक कमल सोनी






































आज मान. नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व के पूरे 25 वर्ष होने पर

HAPPY BIRTHDAY

एवं हमारे **कमल भैय्या**



को जन्मदिवस पर हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं ...

आपके सभी साथी

- बिलासपुर सराफा एसोसिएशन
- छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन
- छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं सभी व्यापारीगण
- छत्तीसगढ़ एवं बिलासपुर सोनी समाज और सभी साथीगण

#MGR Advertiser

हरिभूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

पुण्यतिथि

कहां तुम चले गए..जगजीत की 15वीं पुण्यतिथि पर गजल संध्या 10 को



बिलासपुर। गजल सम्राट पद्मभूषण स्व.जगजीत सिंह की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर चैरिटी गजल संध्या 'कहां तुम चले गए..' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 10 अक्टूबर को शाम 7 से 9 बजे तक पूल साइड गार्डन, चावला ग्रीन्स, मोपका में आयोजित होगा। इसमें भिलाई के प्रसिद्ध गजल गायक पुरनराज भाटिया प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में जगजीत सिंह की याद में उनकी लोकप्रिय गजलों को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम से प्राप्त सहयोग राशि ब्लाइंड स्पेशल स्कूल के भवन निर्माण के लिए दी जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन में जगजीत सिंह फैंस के साथ विभिन्न संस्थाओं और सहयोगियों की सहभागिता है।



खाटू श्याम मंदिर में भव्य श्रृंगार



एकादशी पर भजन संध्या, महिलाओं ने की पूजा

इंदिरा एकादशी मंगलवार को मनाई गई, खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर भव्य श्रृंगार किया गया, भगवान का संध्या पर महाआरती कर भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर रतनपुर के पं जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि सनातन संस्कृति में श्राद्ध पक्ष के मध्य आने वाली इंदिरा एकादशी का महत्त्व अत्यंत अलौकिक और प्रभावकारी माना गया है। यह मात्र एक तिथि नहीं, अपितु वंशावली के कल्याण की एक आध्यात्मिक कल्पतरु है।

बिलासपुर। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पावन व्रत के प्रभाव से साधक की सात पीढ़ियों तक के पितर यम-यातनाओं से मुक्त होकर परम धाम को प्राप्त करते हैं। जो मनुष्य निष्काम भाव से भगवान श्री हरि विष्णु के 'शालिग्राम' स्वरूप का अर्जन और यह व्रत धारण करता है, उसे लोक में सुख-समृद्धि और अंत समय में मोक्ष की प्राप्ति होती है। पूजन एवं व्रत-विधान इंदिरा एकादशी का अनुष्ठान दशमी तिथि से ही आत्म-संयम और सात्विकता के साथ आरंभ हो जाता है।

द्वादशी का पारण

द्वादशी के दिन प्रातः स्नान और नित्य पूजन के पश्चात ब्राह्मणों को भोजन कराएं, यथाशक्ति वस्त्र, अन्न व दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लें। तत्पश्चात अपने परिवार के साथ मौन व सात्विक भाव से पारण करके व्रत को पूर्ण करें। पौराणिक कथाः राजा इंद्रसेन की पितृ-मुक्ति गाथा सतयुग के कालखंड में महिष्मती नगरी पर धर्मनिष्ठ राजा इंद्रसेन शासन करते थे। उनके माता-पिता का पूर्व में ही स्वर्गवास हो चुका था।

इंद्रसेन पर कथा

एक रात्रि राजा इंद्रसेन ने स्वप्न में देखा कि उनके माता-पिता यमलोक की दारुण यातनाएं भोग रहे हैं। प्रातःकाल नींद खुलते ही राजा का हृदय पितरों की इस दुर्दशा को देखकर अत्यंत व्यथित हो उठा। उन्होंने तत्काल वेदज्ञ ब्राह्मणों और अपने मंत्रियों की सभा बुलाई तथा स्वप्न का वृत्तांत सुनाया। सभा में उपस्थित विद्वान ब्राह्मणों ने राजा को ढांढस बंधाते हुए मार्ग दिखाया हे राजन आप चिंता मुक्त हों। आश्विन कृष्ण एकादशी को यदि आप अपनी महारानी के साथ विधिपूर्वक 'इंदिरा एकादशी' का व्रत धारण करेंगे, तो आपके पुण्य के प्रभाव से आपके पितरों को नरक की यातनाओं से मुक्ति मिल जाएगी। इस दिन भगवान शालिग्राम की आराधना करें, तुलसीपत्र अर्पित करें और ब्राह्मणों को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लें। राजा इंद्रसेन ने ब्राह्मणों के कथनानुसार पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव से सपत्नीक इंदिरा एकादशी का अनुष्ठान किया। रात्रि में श्री हरि विष्णु ने राजा को साक्षात दर्शन दिए और कहा हे राजन तुम्हारे इस निष्काम व्रत और तर्पण के पुण्य-प्रताप से तुम्हारे पितर यम-यातना से मुक्त होकर परम धाम को प्रस्थान कर चुके हैं। तभी से पितरों के उद्धार और वंश-कल्याण के लिए इस इंदिरा एकादशी व्रत का विधान जगत में अक्षय पुण्य-प्रदायी के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम की श्रृंखला में नृत्य प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें महिलाओं और बच्चो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

धर्म-क्षेत्र

धन गुरु नानक दरबार में कीर्तन कर किया गया सुखमणि साहिब का पाठ



बिलासपुर। मेहरबान सिंह की वार्षिक वरसी धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहिरियां सिंह साहिब में हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर महान कीर्तन दरबार सजा कर सुखमणि साहिब का पाठ किया गया। दरबार में कल्याण से आए भाई यंग मैन एवं बब्बल भाई ने सत्संग कीर्तन से संगत को निहाल किया। राजा सलामतानी ने विश्व शांति के लिए अरदास की। इस मौके पर मूलचंद नारवानी, सुरेश वाधवानी, सोनू लालचंदानी, अमर संतानी, नरेश मेहरचंदानी, राजेंद्र, अशोक मतलानी, सुरेश माधवानी, गंगाराम सुखिजा, विकास बजाज, अनीता नारवानी, प्राची सोनू लालचंदानी, वर्षा सुखीजा, मेघराज नारा, कंचन वाधवानी, कंचन रोहरा, पलक माखीजा, कशिश जैसवानी, पलक हरजपाल, अमृता लालचंदानी, ज्योति हिंदूजा, स्नेहा पमनानी, प्राची बजाज, बलराम रामानी, डॉ हुंदलदास सोमनानी सहित अन्य सेवादार उपस्थित थे।

साइबर जागरूकता के साथ गरबा की हो रही प्रैक्टिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मंडल द्वारा आदिशक्ति मां महामाया की आराधना के लिए रास गरबा का आयोजन हर साल की तरह इस साल भी किया जा रहा है। खासकर महिलाओं और बच्चों को यह तीन दिवसीय 11, 12 व 13 अक्टूबर को सामाजिक भवन करबला में होगा।

गरबा की प्रैक्टिस के लिए गरबा टीचर को बुलाया जा रहा है, 4 से 9 अक्टूबर तक शाम 4 से 7 बजे तक चल रही है। महिला मंडल की अध्यक्षा मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता ने समाज के सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है। स साल गरबा का थीम डिजिटल साइबर क्राइम से बचाव रखा गया है। नकली ईमेल ,मैसेज या बेबसाइट के जरिये लोगो को धोखा देकर उसके पासवर्ड,बैंक डिटेल्स या निजी जानकारियां के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। तीसरे दिन गुजराती ड्रेस रखा गया है, बालिका वर्ग को पहले दिन फ्रॉक और दूसरे दिन गोपी ड्रेस था। बालक वर्ग के लिए सफेद कुर्ता पजामा लाल दुपट्टा और दूसरे दिन ग्वाला ड्रेस और तीसरे दिन गुजराती ड्रेस रखा गया।



सुर, ताल और संगम में थिरके कदम, बिखरे देशभक्ति के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार की शाम डांस के नाम रही। इसमें सुर, ताल और संगम का ऐसा समां रहा कि देर शाम तक कदम थिरकते रहे। एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों के साथ लोक नृत्य की छटा से। मंच पर देश की सतरंगी संस्कृति और लोककला की झलक देखने को मिली।

अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती के तहत पिछले 15 दिनों से चल रहे जयंती समारोह की कड़ी में अग्रसेन भवन, जूनी लाइन में 'सुर, ताल और संगम' डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई। प्रथम वर्ग में 13 से 18 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं के लिए थी। जिसमे देशभक्ति गीत और लोक नृत्य की एकल प्रस्तुति हुई। द्वितीय वर्ग 18 वर्ष से अधिक उम्र की बालिकाओं और महिलाओं के लिए था। इसमें एकल और युगल प्रस्तुति हुई। जिसमे फ्यूजन और ट्रेडिशनल थीम रखी गई थी, जिसे मॉडर्न ड्रेस के साथ प्रस्तुत किया। दोनों ही वर्गों के प्रतिभागियों को तीन-तीन मिनट का समय दिया गया था।

सभी की प्रस्तुतियां देखते ही बन रही थीं। देर शाम तक देशभक्ति गीतों का रंग सजा रहा। देशप्रेम से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने लोगों को भाव-विभोर किया। वहीं लोक नृत्य, फ्यूजन और पारंपरिक नृत्य शैली की प्रस्तुतियां आधुनिक अंदाज में हुईं, जो अनूठे प्रयोग के साथ आकर्षण का केंद्र रहीं। अग्रसेन जयंती समारोह में आयोजित 'सुर, ताल और संगम' डांस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने नृत्य कला से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित दर्शक भी थिरकते नजर आए। देशभक्ति गीतों पर हुई प्रस्तुतियों ने दर्शकों में उत्साह और देशप्रेम का संचार किया। वहीं विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मंच पर देशभर की लोककला की सतरंगी सांस्कृतिक छटा बिखेर दी। देशभक्ति गीतों के साथ लोक नृत्य और किसी ने फ्यूजन और ट्रेडिशनल थीम पर प्रस्तुति देकर भारत की विविध संस्कृति को जीवंत किया। वही आयोजिका उषा सुल्तानिया, अनिता अशोक अग्रवाल, सीमा श्याम चौधरी, निशि खेमका, संजना केजरीवाल, कृतिका तोदी, अंजना तोदी, अंजू लाठ और सीमा सिंघानिया रहीं।

आयोजन

सेवा सप्ताह अंतर्गत मातृ नवमीं पर की गई हंगर सेवा



बिलासपुर। सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने पितृपक्ष की मातृ नवमीं के अवसर पर सचिव मंजू मिश्रा एवं सावित्री जायसवाल के सहयोग से राम रसोई में भोजन वितरण किया। इसमें अध्यक्ष संजना मिश्रा ने बताया कि सेवा सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक भोजन सेवा लगातार की जा रही है। दसवें दिन सोमवार को विनीता मिश्रा, 6 अक्टूबर मंगलवार को उषा मुदलियार 8 अक्टूबर त्रयोदशी के दिन जोन चेयरपर्सन रश्मि लता मिश्रा, सुधा परिहार एवं चांदनी सक्सेना द्वारा भोजन वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन अध्यक्ष संजना मिश्रा एवं अंबुज पांडेय द्वारा हंगर सेवा की जाएगी।

पं. सुन्दरलाल शर्मा और भोज विवि के बीच एमओयू

विद्यार्थियों को मिलेंगे इंटर्नशिप, कौशल विकास और रोजगारपरक अवसर



बिलासपुर। पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा में अकादमिक गुणवत्ता, अनुसंधान, डिजिटल शिक्षा और विद्यार्थियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश भोज विश्वविद्यालय, भोपाल के साथ समझौता ज्ञापन किया है।

यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान, क्षमता निर्माण और संसाधनों के आदान-प्रदान का आधार बनेगा। समझौता ज्ञापन पर पण्डित सुन्दरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत तथा मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मिलिंद दत्तात्रेय दांडेकर ने हस्ताक्षर किए। एमओयू का प्रमुख लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। इसके तहत इंटर्नशिप, परियोजना कार्य, विद्यार्थी विनिमय, शैक्षणिक एवं क्षेत्रीय भ्रमण, करियर मार्गदर्शन, उद्यमिता तथा कौशल विकास के अवसर बढ़ाए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ व्यावहारिक अनुभव हासिल करने और रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए आवश्यक दक्षताएं विकसित करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त शैक्षणिक एवं प्रमाण-पत्र कार्यक्रम विकसित करने, पाठ्यक्रमों को समृद्ध करने तथा बहुविषयक और लचीले अधिगम अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करेंगे। ऑनलाइन शिक्षण, स्व-अधिगम सामग्री , ई-कंटेंट और अन्य डिजिटल शिक्षण संसाधनों के विकास में भी विशेषज्ञता साझा की जाएगी। अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में संयुक्त शोध परियोजनाओं, परामर्श कार्य, संगोष्ठियों, सम्मेलनों और संयुक्त प्रकाशनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। संकाय एवं विषय-विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकेंगे। एमओयू के तहत व्यवहार्यता के आधार पर दोनों संस्थानों की पुस्तकालयों, डिजिटल रिपॉजिटरी, आईसीटी सुविधाओं और प्रयोगशालाओं तक पारस्परिक पहुंच तथा शैक्षणिक सामग्री और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान किया जा सकेगा। सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद और विस्तार गतिविधियों में भी सहयोग होगा। दोनों विश्वविद्यालय साक्षरता, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में संयुक्त सामाजिक एवं विस्तार गतिविधियां भी संचालित करेंगे।

हेल्थ लाइव

मोबाइल से दूरी, खिलौनों से दोस्ती.. स्टेम सेट से बच्चे बना रहे कार- हवाई जहाज



बिलासपुर। डिजिटल दौर में बच्चे फोन, लैपटॉप, टैब और टीवी पर अधिकांश समय बिताते हैं, जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक गतिविधियों पर असर पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए माता-पिता अब बच्चों को शारीरिक और मानसिक बुद्धि क्षमता बेहतर बनाने के लिए खिलौने दे रहे हैं। टॉय शॉप्स में कई ऐसे खिलौने हैं, जो बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने में मददगार साबित होंगे। ये खिलौने बच्चों का ध्यान डिजिटल स्क्रीन से हटाकर खेल और सीखने की ओर मोड़ते हैं, जिससे उनके मानसिक और शारीरिक विकास में मदद मिलती है। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने परिजन बच्चों को क्रिएटिव तोहफा देना पसंद कर रहे हैं। पहले जहां माता-पिता बजट फ्रेंडली खिलौने खरीदना पसंद करते थे, अब वे क्रिएटिव और स्क्रीन टाइम कम करने में उपयोगी खिलौने खरीद रहे हैं। 8-15 साल के बच्चों के लिए 'स्टेम बिल्डिंग सेट्स' दुकान पर उपलब्ध है, जो बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने में मददगार है। लकड़ी से तैयार छोटे-छोटे ब्लॉक इसमें होते हैं, जिसे आपस में जोड़कर एरोप्लेन, कार के मॉडल जैसे वर्किंग खिलौने तैयार किए जा सकते हैं। इसे रिमोट की मदद से कंट्रोल किया जा सकता है। यह खिलौना मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बेहतर विकल्प है, जहां बच्चा स्क्रीन टाइम कम समय में ही छोड़ सकता है।

स्पोर्टस न्यूज

वॉलीबाल में 12 खिलाड़ियों का चयन



बिलासपुर। एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित सेक्टर स्तरीय पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए अपनी महाविद्यालय की 12 खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता के लिए किया है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित सेक्टर स्तरीय वॉलीबाल पुरुष प्रतियोगिता सी एस आर महाविद्यालय पिपरतराई कोटा की मेजबानी में 6 से 7 अक्टूबर तक महाविद्यालय प्रांगण वॉलीबाल मैदान पर आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता के लिए एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस कालेज ने अपने 12 खिलाड़ियों का चयन प्रतियोगिता के लिए किया है, टीम में विवेक चंद्रवंशी (कप्तान), हेमंत साहू, सी आकाश, राहुल, लक्सना, बी रोहित, सोमू, कुणाल, एलिस तिर्की, प्रतीक, पवन व शुभम आदि टीम मे शामिल है। विगत वर्ष आयोजित सेक्टर स्तरीय पुरुष वॉलीबाल में एलसीआईटी महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। इस बार अच्छे प्रशिक्षण और अभ्यास खिलाड़ियों ने किये है, खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन करने के लिए एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय एलसीआईटी ने शुभकामनाएं दी है।

सीनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता 1 से

राज्य स्तरीय सीनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन एक नवम्बर से किया जाएगा, जिसके लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल पुलिस मैदान में होगा। जिला वॉलीबाल संघ के सचिव राजेन्द्र चंद्रा ने बताया कि 1 से 4 नवम्बर तक राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ में होगा। इसमें जिले की टीम में खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल 9 अक्टूबर को पुलिस मैदान में होगा, जिसमें पुरुष वर्ग का ट्रायल 10 अक्टूकर की शाम 4 बजे हिर्री माइंस मैदान में लिया जाएगा।



वेस्ट जोन एथलेटिक्स, खिलाड़ियों ने जीते पदक

वेस्ट जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया है। प्रदेश एथलेटिक्स संघ के प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि 26 से 28 सितम्बर तक 27वीं वेस्ट जोन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन गोवा में किया गया था।

इसमें आदिती वर्मा ने 800 मीटर में और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, हर्ष निषाद ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, दीनकर वर्मा ने 5000 मीटर पैदल चाल में प्रथम स्थान, तानिया केंवट ने 800 मीटर में प्रथम और 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान, हर्ष साहू ने 800 मीटर में दूसरा स्थान, श्यामजी दुबे ने 5000 मीटर पैदल चाल में दूसरा स्थान, पायल मारकंडे ने 5000 मीटर रेस वॉक में तीसरा स्थान, दंतेश्वरी निषाद ने 600 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान, शिवराज दुगा ने 4 बाई 400 मीटर रिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस तरह सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर पांच गोल्ड और चार सिल्वर, दो कांस्य मैडल हासिल कर खेलो इंडिया अकादमी के साथ प्रदेश का नाम रौशन किया है।

चिन्हारी
डा. नीलकंठ देवांगन

संस्कृति के धरोहर झांपी
अब नंदावत जाथे



झांपी सिरिफ सामान रखे के जिनिस नोहय, एखर सांस्कृतिक अउ पारंपरिक महत्व हे। येहा बांस के बने ढक्कन वाले टोकरी या पिटारा होथे। छोटे मोटे सामान अउ खाय पिये के चीज सुरक्षित रखे बर एखर उपयोग होय। शादी - बिहाव मं एखर महत्व बढ़ जाय। बिदा होके दुल्हन जब ससुरार जाय, त ओखर संग झांपी मं कपड़ा,जेवर, पकवान मिठाई जोरे जाय। येला संस्कृति के धरोहर अउ बहुत शुभ माने जाय। अइसे मानता रिहिस के बिहाव के समय सजे झांपी मं कुलदेवी के वास होय। येला सुख समृद्धि अउ खुशहाली के प्रतीक माने जाय। पारंपरिक अउ मांगलिक काम मं शगुन के रूप मं एखर इस्तेमाल होवय। पारंपरिक झांपी के विशेष चलन रहय। आजकल आधुनिकता अउ बदलत दौर के साथ पारंपरिक बांस या मूंज के बने झांपी के उपयोग दैनिक जीवन मं पहिली के तुलना मं काफी कम हो गेहे। एखर जगह स्टील के छोटे बड़े पेटी - संदूक, प्लास्टिक, फाइबर, गत्ता के कलात्मक डिब्बा लेवत हाबय। बजार मं ये कम कीमत मं अउ आसानी से मिले के सेती पारंपरिक शिल्प के मांग प्रभावित होय हे। फेर झांपी के तो अपन खास महत्व हे, संस्कृति अउ परंपरा के हिस्सा हे। सपेरा मन छोटे झांपी नुमा हल्का अउ हवादार टोकरी - पिटारी मं सांप रखे रहिथें। ढक्कन खोल के लोगन ल देखाथें। लोगन मन नाग देव के दर्शन कर भेंट देथें, जेखर ले उंखर जीविका चलथे।



आस्था
टिकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला

देवी के भक्ति के स्वरुप आय : जोत जंवारा



हमर छत्तीसगढ़ श्रद्धा, भक्ति अउ विश्वास के गढ़ आय। इंहा लोगन साल म दू पइत चैत अउ कुंवार के उगोना पाख म नौ दिन ले अपन मनोकामना पूरन खातिर देवी रूप म शक्ति के आराधना करथे। घर अउ समाज म माता दुर्गा, काली, शीतला अउ भवानी देवी के नाव ले एक जगा पूजा ठऊर निश्चित करथें। इही पूजा ठऊर म जोत जवारा बोये जाथे। नौ दिन तक उपास रहिके अपन कुल देवी ल माता के दरजा देवत पूजा अर्चना म लीन हो जाथे। जेन ल जस गीत, माता सेवा, श्रृंगार गीत, पचरा गीत के माध्यम ले माता के महिमा के गुणगान करे जाथे। माता ल पहिली दिन नेवता दे जाथे जस गीत के माध्यम ले -

नेवता नेवत के हो...
जग रचेव महामाई...
नेवता नेवत के हो...
ब्रम्हा ल नेवतेव... बिष्णु ल नेवतेव...
अउ नेवतेव कैलाश पति ल...
राजा इंद्रदेव उहू ल नेवतेव...
नेवता नेवत के हो...

नौ दिन अउ रात भक्त मन माता सेवा म अपन ल समर्पित कर देथे। माता के वंदना भक्ति भाव ले होवत रहिथे -

सिरी भगवती चरण ल मनाओ हो...
हो महामाई... दुर्गा दाई... तोर जस ल गाओ हो...।

पुस्तक समीक्षा

कठोलिया के पाती



कृति के नाव
कठोलिया के पाती

लेखक
परमानन्द कठोलिया

प्रकाशक
आशु प्रकाशन रायपुर

पुस्तक समीक्षा
गोविन्द साव

मूल्य
दो सौ रुपिया

छत्तीसगढ़ के जाने माने जसगीत लेखक परमानन्द कठोलिया जी राजनांदगांव के रहने वाला रिहिन। आप मन हजार ले जादा जस गीत के रचना करिन। आपके ज्यादातर रचना मन ल जस गीत गायक मन गाथे। जतका भी जस गीत गायन राजनांदगांव जिला म गाये जाथे वोमा कठोलिया जी के रचना जादा रथे। बिना कोनो तामझाम के जस गीत लिख के माता के प्रति अपन श्रद्धा सुमन अर्पित करेव। आज आपके शरीर नई हे फेर अपन रचे गीत के माध्यम ले जन के बीच म अपन उपस्थिति के अहसास करात हो। ए किताब म आपके कुछ जस गीत ल लिखित रूप म जन समक्ष लाय के प्रयास होय हे।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भितिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

परब विशेष
डा. राघवेन्द्र कुमार 'राज'

अंचल में जगद्जननी
नव दुर्गा की स्तुति



मां शैलपुत्री जीवन की झंझावातों से अविचलित अपनी सिद्धांतों पर अडिग रहने का संदेश देती हैं। मां ब्रह्मचारिणी जीवन भूमि पर आने वाली हर बाधाओं का सामना निर्भीकता के साथ डंटकर करने की समर्थन करती है। मां कुष्मांडा जीवन को उत्कर्षशील बनाने की बात करती है। मां स्कंदमाता प्रेम और ममता से रिश्तों को सींचकर उनकी देखभाल करने की संदेश देती हैं।

छत्तीसगढ़ की पावन भूमि देवी - देवताओं को समर्पित भूमि रही है। इस बात की साक्षी यहां वर्ष में दो बार आने वाली नवरात्रि ही है, जो स्वमेव साक्ष्य प्रस्तुत करती है। जगदम्बा को समर्पित उपासना, आराधना और साधना की रात्रि नवरात्रि होती है। तभी तो हृदयभूमि गा उठती है-

हम थके हारों की उम्मीद हो मां आखरी।
हम तो हैं तेरी भक्ति- यात्रा की यात्री।
खाली झोली हमारी भर दे मां काल रात्रि।
सुन लेना हमारी पुकार नवदुर्गे की नव रात्रि।

नवस्वरूपधारिणी जगद्जननी दुर्गा जी की पूजा-अर्चना न केवल छत्तीसगढ़ अपितु संपूर्ण भारत में बड़े मनोयोग के साथ किए जाते हैं। नवरात्रि जागरण और समर्पण की रात्रि होती है। इन्हीं रात्रियों में स्थापित नवदुर्गा जी अपने विविध स्वरूपों में संसार वासियों को नव संदेश देती हैं। इन संदेशों को आत्मसात कर जीवन को चिंता और संशयरहित सुखमय बनाया जा सकता है। मां शैलपुत्री जीवन की झंझावातों से अविचलित अपनी सिद्धांतों पर अडिग रहने का संदेश देती हैं। मां ब्रह्मचारिणी जीवन भूमि पर आने वाली हर बाधाओं का सामना निर्भीकता के साथ डंटकर करने की समर्थन करती है। मां कुष्मांडा जीवन को उत्कर्षशील बनाने की बात करती है। मां स्कंदमाता प्रेम और ममता से रिश्तों को सींचकर उनकी देखभाल करने की संदेश देती हैं। मां कात्यायनी अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद करने की नसीहत देती हैं। मां कालरात्रि जीवन में बुराइयों का नाश कर अच्छाइयों की स्थापना का संदेश देती हैं। मां महागौरी निर्मल हृदय और शांत मन से जीवनयापन करने की संदेश देती हैं। मां सिद्धिदात्री भक्ति से जीवन को धन-धान्य से संपृक्त सुखमय बनाने का आह्वान करती हैं। इन नौ दिनों में माता के नौ रूपों और जन कल्याण में उनकी महिमा का गायन जस गीत के माध्यम से किया जाता है। समाज के सभी वर्ग के लोग इस नवरात्रि पर्व में भक्ति रस में डूब कर माता का स्मरण करने में कमी नहीं करते।



धार्मिक: घनश्याम सिंह नाग

पौराणिक कथाओं में
भैसादोंद डोंगरी का महत्व

पौराणिक कथा के अनुसार पृथ्वी पर महिषासुर नामक एक तेजस्वी एवं महाप्रतापी राक्षस हुआ करता था। वह देवताओं को पराजित कर स्वर्ग का अधिपति बन बैठा। महिषासुर देवताओं को नानाविध प्रताड़ित करने लगा। महिषासुर की प्रताड़ना से देवताओं में हाहाकार मच गया। तब उनकी सहायता के लिए मां दुर्गा का अवतरण हुआ। मां दुर्गा और महिषासुर के बीच एक वर्ष तक घोर संग्राम हुआ, तत्पश्चात नौ दिन और रात द्वन्द युद्ध के पश्चात मां दुर्गा के हाथों महिषासुर मारा गया। देवी भागवत में भी कथा का वर्णन है, किन्तु महिषासुर कहां मारा गया इसका उल्लेख नहीं है। इसलिए आदि काल से ग्रामीण इस पहाड़ी को भैसा दोंद डोंगरी के नाम से सम्बोधित करते हैं। महिषासुर का वध स्थल होने के कुछ प्रमाण भी ग्रामीण इस पहाड़ी में दिखाते हैं। जिसमें भैसा खोज स्थल, युद्ध स्थल, भैसे के सिंगो के निशान, शेर के पंजों के निशान, वध स्थल, पद चिन्ह, माई जी के नयन के प्रमाण



मिलते हैं। महिषासुर के वध के बाद मां महिषासुर मर्दिनी एक पत्थर पर बैठ कर कुछ पल विश्राम की और अपना प्रतिछाया छोड़ कर अदृश्य हो गई, वहीं पर भक्तों ने एक मंदिर का निर्माण किया। जब काकतीय वंश के राजा यहां आबाद हुए तो श्री मां महिषासुर मर्दिनी इस वंश की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी के रूप में प्रचारित हुई।

लोक साहित्य
बसंत राघव

डा. बलदेव के काव्य भाषा

डॉ. बलदेव के काव्य भाषा म जउन खुलापन हे, अर्थ के विस्तार हे, ये ही हर परिदर्श के कारण आय। खास करके प्रकृति अउ ऋतु मन के वर्णन म कवि ह अइसन रचना करे हें, जेहर परंपरागत बिम्ब अउ प्रतीक ले बिलकुल अलग आय। ये कविता ल देखन -

के झड़ी लगा बरसैं सुघर.
करसा के सतधारा ले सोनहा पानी
पीवराय धरती के ऊपर
पल्हरा पहाड़ ले टकराइस।

कवि बलदेव गति, ध्वनि अउ प्रकाश के बिम्बाकन म ऐति ओती सबो कोती अपन प्रतिभा ल बिखेरत आथे। उकर एक एक शब्द मन अलग अलग छटा बिखेरत दिखत हे। एक चित्राकन ए कविता म -

पहाड़ म अनगढ़ गढ़ा अउ खोल
चांद म करिया दाग
चमकै सूरज माथा ऊपर
बरसै सोनहा फाग।

ए कविता म चंदा अउ सुरुज यानि रात अउ दिन के विरोधाभासी चित्रण। सरद काल के मझनिया के सुरुज हर सोनहा फाग के अनुभूति करात हवय। अलंकार के सुघर प्रयोग होय हे जेहर सही माने म गति अउ सक्ति के बोधक आय। कवि ह दू दाड़ म बड़ कला कौसल के संग दे हावय जेमा अर्थ विस्तार के अब्बड़ गुंजाइस हवय।



ऐतिहासिक : डा. संजय अलंग

छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य रियासतों की तरह खैरागढ़ रियासत का प्राचीन इतिहास ज्ञात नहीं है। उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के समकालीन राजा काम सेन का नाम डोंगरगढ़ बमलाई मन्दिर निर्माण में सामने आता है। भांडवा कोल लोगों से सत्ता हस्तगत करने का उल्लेख नागवंश के इतिहास में आता है। यह रियासत अधिकांशतः नाँदगाँव के इतिहास से प्रभावित या सम्बद्ध रही।

अंग्रेजों के शासन काल में खैरागढ़ रियासत

खैरागढ़ रियासत को अंग्रेज शासन ने द्वितीय श्रेणी में रखा था। यह रियासत 21' 4' से 21' 34' उत्तरी अक्षांश और 80' 27' से 80' 22' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित थी। इसका क्षेत्रफल 931 वर्ग मील और जनसंख्या 155,471 थी, जो 124,770 हो गई थी। इसे जागीर या जमीन्दारी से प्रिंसली स्टेट 1898 में बनाया गया। यह रियासत तीन भागों में विभक्त थी। प्रथम में खैरागढ़ और डोंगरगढ़ तहसीलें थीं। इनके मध्य राजनाँदगाँव रियासत का पाँडादाह परगना था। इस भाग के उत्तर में छुईखदान रियासत और परपोड़ी जमींदारी, पूर्व में दुर्ग जिला और राजनाँदगाँव रियासत, दक्षिण में राजनाँदगाँव रियासत और भंडारा जिला तथा पश्चिम में भंडारा और बालाघाट जिले थे। द्वितीय में खम्हरिया तहसील है। यह भाग छुईखदान, कवर्धा रियासत की



सिल्हेटी जमीन्दारी और राजनाँदगाँव रियासत के मोहगाँव परगने के बीच था। तृतीय लघु भाग खोलवा का था। यह भाग लोहारा, गंडई और सिल्हेटी जमींदारी, दुर्ग और बालाघाट जिलों और छुईखदान रियासत से घिरा था। खैर वृक्षों की बहुलता ने खैरागढ़ संज्ञा को जन्म दिया। इस संज्ञा को शासक खडराय से भी जोड़ा जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य रियासतों की तरह खैरागढ़ रियासत का प्राचीन इतिहास ज्ञात नहीं है। उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के समकालीन राजा काम सेन का नाम डोंगरगढ़ बमलाई मन्दिर निर्माण में सामने आता है। भांडवा कोल लोगों से सत्ता हस्तगत करने का उल्लेख नागवंश के इतिहास में आता है। यह रियासत अधिकांशतः नाँदगाँव के इतिहास से प्रभावित या सम्बद्ध रही। सभी रियासतों का इतिहास छत्तीसगढ़ के इतिहास के साथ-साथ ही रहा है। कल्चुरी, मराठे और अंग्रेजों से सभी रियासते प्रभावित रहीं हैं। खैरागढ़ रियासत का अंतिम शासक वंश ही ज्ञात रहा है, जो छोटा (चुटिया) नागपुर का नागवंशी राजपूत क्षत्रिय था। वे पुंडरीक नाग से अपनी व्युत्पत्ति मानते हैं।

खबर संक्षेप

कांग्रेस नेता टाह ने किया स्वाति का स्वर्णिम उपलब्धि पर सम्मान



बिलासपुर। बिलासपुर की बेटी स्वाति साहू ने सितंबर में थाईलैंड के पटाया में आयोजित वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल जीतकर बिलासपुर का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर शोभा टाह फाउंडेशन के संस्थापक अनिल टाह द्वारा स्वाति साहू का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बी.आर. यादव नगर वार्ड के पार्षद सुनील सोनकर, प्रतीक गुप्ता, डॉ. संजय साहू, अमन साहू, प्रकाश साहू सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने स्वाति को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ईडीए बिलासपुर शाखा द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला



बिलासपुर। ईडीए बिलासपुर शाखा द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बेलगांव कर्नाटका के स्पीकर डॉ सुरेश शेनवी रहे। इस अवसर पर आईडीए बिलासपुर शाखा के अध्यक्ष डॉ. सौरभ शर्मा, सचिव डॉ. अभिजीत गांधी एवं कोषाध्यक्ष डॉ. विश्वजीत बैनर्जी, नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ वैभव चौधरी, पूर्व अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत कश्यप, डॉ गौरव प्रजापति, डॉ शैलेंद्र चतुर्वेदी, डॉ प्रियंका राय, डॉ शिल्पा, डॉ दीप्ति, डॉ निवेदिता, डॉ. तेजस्वी शर्मा , डॉ पुरुषोत्तम, डॉ शुभम, डॉ रोहिणी, डॉ नन्दनी ,डॉ श्रेया, डॉ जिज्ञासा एवं अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे।

लायंस क्लब स्माइल ने बुजुर्ग का कराया ऑपरेशन



बिलासपुर। परिवार में कोई सहारा नहीं होने और आंखों से कम दिखाई देने की समस्या से जूझ रहे 57 वर्षीय मनोज कुमार पटेल का लायंस क्लब स्माइल ने सिम्स में सफल ऑपरेशन कराया। क्लब की अध्यक्ष रीता राजगीर ने उनके उपचार की जिम्मेदारी संभाली। सीएमडी चौक स्थित मंदिर के पास रहने वाले मनोज कुमार मंदिर में सेवा कार्य करते हैं। परिवार में कोई सहारा नहीं होने के कारण वह अपनी आंखों का उपचार नहीं करा पा रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर रीता राजगीर ने उनके इलाज की जिम्मेदारी ली। पिछले 15 दिनों से वह उनकी रूटीन जांच, अस्पताल में भर्ती कराने और उपचार की प्रक्रिया में उनके साथ रहीं। 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सिम्स अस्पताल में मनोज कुमार का ऑपरेशन किया गया। सिम्स अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के सहयोग से उपचार की प्रक्रिया पूरी हुई। डॉ. सुचिता सिंह ने उनका सफल ऑपरेशन किया। लायंस क्लब स्माइल की ओर से चिकित्सकों के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार जताया गया।

ऑटो संघ के चुनाव में यादव बने निर्वाचन अधिकारी

बिलासपुर। जिला ऑटो संघ बिलासपुर की बैठक में संघ के आगामी संगठनात्मक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला ऑटो संघ का आगामी चुनाव 12 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिक निगम बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 42 (चंद्रशेखर आजाद नगर) के पार्षद लक्ष्मी यादव को मुख्य चुनाव निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। बिज्जू राव को उप निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में जल्द ही नामांकन पत्र दाखिल करने, संवीक्षा (स्कूटनी), नाम वापसी तथा मतदान एवं मतगणना से संबंधित चुनाव आचार संहिता और समय-सारिणी जारी की जाएगी।

स्कूलों में बालिकाओं के लिए बढ़ेंगी बुनियादी सुविधाएं

बिलासपुर। जिले में वीबी-जी राम जी के तहत स्वीकृत बालिका शौचालयों के निर्माण कार्यों का 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर भूमिपूजन किया गया। इन शौचालयों का निर्माण स्कूलों में बालिकाओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। संबंधित स्थानों पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

पितर तर्पण करने के दौरान युवक की तालाब में डूबकर हुई थी मौत

बिलासपुर। एक दिन पहले तालाब में युवक की मिली लाश की पहचान हो गई है। मृतक पितर तर्पण करने तालाब आया था और उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया है। सोमवार की सुबह सरकण्डा क्षेत्र के ग्राम बहतराई नाग नागिन तालाब में एक युवक की लाश मिली थी। पहचान नहीं होने पर शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया था। टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि मंगलवार को शव की पहचान बिजौर निवासी नकुल मौर्य पिता स्व. किशनलाल मौर्य 37 साल के रूप में हुई है। वह अपने घर से पितर तर्पण करने तालाब आया था और तालाब में गिर जाने से डूबकर उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सौंप दिया गया है।

अशांति फैलाने वाले चार गिरफ्तार

बिलासपुर। अशांति व अड्डेबाजी नशाखोरी करने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस ने क्षेत्र में अभियान चलाकर अड्डाबाजी कर नशाखोरी करने वाले ठिकानों में दबिश देकर अशांति फैलाने वाले सुरेन्द्र यादव जमुना कालोनी अनूपपुर व सेवार निवासी दिलेश्वर कुर्रे सेवार, सागर कुर्रे, कैलास कुर्रे को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

मैहर के लिए कोई स्पेशल ठहराव की घोषणा नहीं

11 से 20 अक्टूबर तक देवी दर्शन के लिए ट्रेनों में रहेगी श्रद्धालुओं की भीड़

क्वार नवरात्रि मेले पर डोंगरगढ़ में रोकी जाएगी 10 ट्रेनें

बिलासपुर। क्वार नवरात्रि पर रेल प्रशासन ने डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में जाने वाले यात्रियों कें लिए 10 ट्रेनों का स्टापेज दो मिनट के लिए दे दिया है, लेकिन अब तक मां शारदा मंदिर मैहर के लिए किसी भी स्पेशल ट्रेन की घोषणा नहीं की है।

11 से 20 अक्टूबर तक क्वार नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ मां बम्बलेश्वरी मंदिर के अलावा कटनी रूट की ओर मैहर स्टेशन में मां शारदा का दर्शन करने के लिए जाने वाले यात्रियों की ट्रेन में काफी भीड़ रहती है। बिलासपुर से नागपुर की लाइन पर बने डोंगरगढ़ में हावड़ा-मुम्बई के अलावा अन्य ट्रेनों का परिचालन किया जाता है, लेकिन इसमें कई ट्रेनों का ठहराव स्टेशन में नहीं होता। इसके कारण श्रद्धालु काफी परेशान रहते हैं। प्रतिवर्ष ट्रेनों में डोंगरगढ़ के अलावा रायगढ़ की ओर चंद्रहासिनी, कोलकाता में मां कामख्या मंदिर, मैहर में मां शारदा का दर्शन करने वाले यात्रियों की भीड़ के कारण कंफर्म टिकिट मुश्किल हो जाता है। इसे देखते हुए रेल प्रशासन डोंगरगढ़ स्टेशन में ट्रेनों का स्टापेज करने के अलावा कुछ ट्रेनों का स्टापेज दो मिनट के लिए देती है। क्वार नवरात्रि मेले के अवसर पर रेल प्रशासन ने डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 10 ट्रेनों का स्टापेज 2 मिनट के लिए तो दिया है, लेकिन अब तक मैहर के लिए कोई भी स्पेशल ठहराव और ट्रेन की घोषणा नहीं की है। रेलवे की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार 12, 13, 20 अक्टूबर को 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी डोंगरगढ़ स्टेशन 21.56 से 21.58 बजे तक, 15 एवं 17 अक्टूबर को 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस 5.40 से 05.42 बजे तक, 15 एवं 17 अक्टूबर को 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21.56 से 21.58 बजे तक, 18 एवं 20 अक्टूबर को 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 5.40 से 5.42 बजे तक, 18 अक्टूबर को 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12.16 से 12.18 बजे तक, 19 अक्टूबर को 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस 10.18 से 10.20 बजे तक, 15 अक्टूबर को 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस 14.36 से 14.38 बजे तक, 16 अक्टूबर को 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 11.58 से 12.00 बजे तक, 13, 15, 17, 20 अक्टूबर को 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 18.30 से 18.32 बजे तक, 12, 14, 16, 19 अक्टूबर को 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस 10.46 से 10.48 बजे तक रोकी जाएगी।

दो ट्रेनों का विस्तार

इसके अलावा 68742/68741 गोंदिया-दुर्ग और दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर का रायपुर तक विस्तार किया जा रहा है। ट्रेन रायपुर से रवाना होकर सरोना, कुम्हारी, डी केबिन, देवबलौदा चरौदा, भिलाई, भिलाई पावर हाउस, भिलाई नगर, दुर्ग, 68729/68730 रायपुर-डोंगरगढ़ और डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर ट्रेन गोंदिया तक चलने से पहले पनियाजोब, बोरतलाब, दरेकसा, सालेकसा, धानौती, आमगांव, गुदमा, गोंदिया पहुंचेगी।

10 से होंगी प्रभावित ट्रेनें

मध्य रेलवे आगरा मंडल के मथुरा एवं भूतेश्वर स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। रेलवे के अनुसार आगरा रेल मंडल के मथुरा रेलवे स्टेशन फेस 2 एवं भूतेश्वर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग के लिए प्री एनआई और एनआई का कार्य 10 अक्टूबर को होगा। इसकी वजह से 10 अक्टूबर शनिवार को निजामुद्दीन से चलने वाली 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निजामुद्दीन, गाजियाबाद, मितावली, आगरा कैंट मार्ग होकर दुर्ग आएगी। फिरोजपुर से चलने वाली ट्रेन 20424 फिरोजपुर-सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया दिल्ली सफदरगंज, गाजियाबाद, मितावली, आगरा कैंट मार्ग होकर सिवनी तक, योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मेरठ सिटी, खुर्जा, मितावली, आगरा कैंट मार्ग होकर पुरी तक और 9 अक्टूबर को विशाखापट्टनम से चलने वाली 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया आगरा कैंट, मितावली, गाजियाबाद, नई दिल्ली मार्ग से होकर अमृतसर तक जाएगी।

प्रमुख सचिव बोरा ने किया पीएम आवास, बस टर्मिनल और चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण

12 रुटों पर दौड़ेंगी 50 ई-बसें, अरपा में गंदा पानी रोकने बनेगी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने मंगलवार को बिलासपुर प्रवास के दौरान सकरी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित आवासों और कोनी में पीएम ई-बस सेवा के लिए बनाए जा रहे बस टर्मिनल एवं चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया और अधिकारियों को कमियां तत्काल दूर करते हुए शेष कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने सकरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के तहत बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया। फ्लोर पर टाइल्स नहीं लगे होने और फिनिशिंग कार्य अधूरा मिलने पर उन्होंने गंभीर नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम के इंजीनियरों एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को कमियों में सुधार कर फिनिशिंग कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने किचन एवं प्लेटफॉर्म के आकार को लेकर भी अधिकारियों से सवाल-जवाब किए और अब तक हुए निर्माण कार्यों तथा उपयोग की गई भवन सामग्री की जानकारी ली। श्री बोरा ने आवासीय परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।



स्टॉप को व्यवस्थित करने डिस्प्ले बोर्ड लगाने कहा

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कोनी स्थित सिटी बस डिपो पहुंचकर पीएम ई-बस सेवा के तहत निर्माणाधीन टर्मिनल कॉम्प्लेक्स, सब-स्टेशन एवं चार्जिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बसों के लिए बनाए गए स्टॉप को व्यवस्थित करने और वहां डिस्प्ले बोर्ड लगाने कहा, ताकि यात्रियों को बसों के समय एवं आवागमन की जानकारी आसानी से मिल सके। पीएम ई-बस सेवा के तहत बिलासपुर के लिए कुल 50 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। इनमें 9 मीटर की 35 और 7 मीटर की 15 बसें शामिल हैं। ई-बसों के संचालन के लिए कोनी स्थित सिटी बस डिपो में टर्मिनल कॉम्प्लेक्स, सब-स्टेशन एवं चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए 11 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसमें सिविल अधोसंरचना निर्माण के लिए 8 करोड़ 37 लाख रुपए, सब-स्टेशन के लिए 1 करोड़ 59 लाख रुपए तथा उच्चदाब विद्युत कनेक्शन के लिए 1 करोड़ 49 लाख रुपए का प्रावधान है। वर्तमान में सिविल अधोसंरचना निर्माण का लगभग 70 प्रतिशत और सब-स्टेशन निर्माण का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

अधोसंरचना का निर्माण सीएसपीडीसीएल करेगी

ई-बसों का संचालन शहर के 12 मार्गों पर किया जाएगा। मार्ग निर्धारण में स्कूल-कॉलेज, औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र, पर्यटन स्थल और उच्च न्यायालय तक आवागमन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए टर्मिनल कॉम्प्लेक्स में कैफेटेरिया एवं रैन बसेरा विकसित करने की भी योजना है। निरीक्षण के दौरान सूडा के सीईओ सुमित अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

अरपा में गंदा पानी रोकने विस्तृत डीपीआर तैयार होगा

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने दौरे के दौरान निगम में संचालित योजनाओं, विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में अरपा नदी को प्रदूषण से बचाने शहर के 70 छोटे-बड़े नालों के पानी के उपचार की समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए विस्तृत डीपीआर तैयार कर सभी तकनीकी पहलुओं का सूक्ष्म परीक्षण करने को कहा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय पानी का है, इसलिए सतही जल स्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रमुख सचिव ने शहर की साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में प्रमुख सचिव ने निर्माणाधीन एजुकेशन हब नालंदा परिसर की प्रगति की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 500 लोगों की बैठक क्षमता वाले नालंदा परिसर को आधुनिक शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रथम तल के स्लैब का कार्य पूरा हो गया है तथा द्वितीय तल के स्लैब का कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। श्री बोरा ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना और नगरीय अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि बिलासपुर में अधोसंरचना मद के अंतर्गत कुल 542 कार्य स्वीकृत हैं। इनमें 334 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 182 प्रगतिरत हैं तथा 26 कार्य अप्रारंभ हैं।

आपके सपनों का आशियाना लेकर आ रहा अलास्का होम्स



बिलासपुर। अगर लोग अपने सपनों का आशियाना बनाने की सोच रहे हैं, तो उनकी खुशियों का नया पता ढूंढने की आवश्यकता नहीं है। अलास्का होम्स में उन्हें सारी खुशियों के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकती है। अलास्का होम्स एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहा है। अगर कोई शहर में अपने सपनों का आशियना बनाना चाहता है तो उन्हें इसके लिए कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

अलास्का होम्स बिजौर-बहतराई रोड के बीच में 13 एकड़ के क्षेत्र में रेरा एप्रूव्ड बेहतरीन टाउनशिप शुरु कर रहा है, जिसमें लोग निवेश कर सकते हैं। यह कालोनी पूरी तरह से शासन के नियमों का पालन करते हुए विकसित की जा रही है, जिसमें मजबूत स्ट्रक्चर और इंजीनियरों की देखरेख में शानदार मकान का निर्माण हो रहा है। अलास्का होम्स लोगों की जरूरतों को पूरा करते हुए टीएनसी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है, जो हरियाली से पूर्ण स्थान पर स्थित है। ग्राहकों की पसंद के अनुरूप यहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है, जिसका अलास्का होम्स में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यहां बनाए गए मकानों की बुकिंग के लिए ग्राहकों की होड़ लग गई है। शीघ्र ही लोग अपने मनपसंद आवास की बुकिंग करा सकते हैं। यह शहर के नजदीक होने के साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल व स्कूल के काफी नजदीक है, जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। संचालक अनुराग शुक्ला एवं आनंद सोमावार ने बताया कि अलास्का होम्स में 141 मकानों की स्वतंत्र आवासीय कालोनी है, जिसे आम नागरिकों की सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। सुरक्षागत कारणों से सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। रात में स्ट्रीट लाइट पूरी कालोनी में उपलब्ध है। अलास्का होम्स के हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा दी जा रही है, जिससे जमीन पर जल संचय अधिक से अधिक होगा।

बिजनेस प्लस

प्रतिवर्ष हजारों लीटर पानी बरसात में अलास्का होम्स के भूमिगत जल स्तर में बढ़ोत्तरी के लिए प्रयोग किया जा रहा है। अलास्का होम्स में निवास करने वाले लोगों के लिए अन्य सुविधाएं भी दी गई है, जिसमें एक भव्य मंदिर के साथ बच्चों के मनोरंजन की सुविधा, योग के लिए गार्डन, 24 घंटे बिजली पानी की व्यवस्था, अंडरग्राउंड नाली जिसमें मच्छर मक्खियां न आ सकें। अलास्का होम्स के पास ही बिरला पब्लिक स्कूल, ब्लिसिएंट पब्लिक स्कूल और वाटर पार्क भी स्थित है। यहां वर्तमान में 30 से अधिक खुशहाल परिवार निवासरत हैं।

एक ही क्लास में 12 से अधिक छात्रों को मिले 2 से लेकर 6 नंबर, परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी

बिलासपुर। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा विभिन्न कालेजों के जारी किए गए परीक्षा परिणाम गड़बड़ी एवं खराब परीक्षा परिणाम की शिकायत लेकर मंगलवार को छात्र-छात्राएं अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग पहुंचे थे। छात्रों का कहना है कि एक ही क्लास में 12 से अधिक छात्रों को 2 से लेकर 6 अंक मिले हैं। इसलिए छात्र-छात्राओं ने उत्तरपुस्तिकाओं की रिव्यू कराने की मांग परीक्षा नियंत्रक के समक्ष रखी है।

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध शासकीय जेपी वर्मा कालेज, एसबीटी कालेज, डीएलएस कालेज आदि विभिन्न कालेजों के छात्र-छात्राएं खराब परीक्षा परिणाम की शिकायत लेकर आज यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग पहुंचे थे। इस दौरान बीएससी द्वितीय वर्ष मैथ्स ग्रुप, पीजीडीसीए सहित अन्य विषयों के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा नियंत्रक शरद कुमार देवांगन से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखी। छात्रों ने बताया कि बीएससी गणित समूह के कई छात्र-छात्राओं को गणित विषय में मात्र 2 से 6 अंक प्राप्त हुए हैं जबकि उन्हीं छात्रों को अन्य विषयों में 70 अंक तक प्राप्त हुए हैं। छात्रों का कहना है कि परीक्षा अच्छी जाने के बावजूद इस प्रकार के परिणाम आने में उन्हें मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटि की आशंका है। छात्रों ने बताया कि इसके पूर्व के परीक्षा परिणाम अच्छे रहे हैं। ऐसे में परीक्षा बेहतर जाने के बाद भी अपेक्षा के विपरीत परिणाम आने से उनमें निराशा है। छात्रों ने छात्रहित में जल्द सकरात्मक निर्णय लेते हुए मामले का निराकरण करने की मांग रखी है। छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक के समक्ष छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं का जल्द से जल्द रिव्यू कराने तथा समीक्षा के बाद छात्रों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। परीक्षा नियंत्रक से मिलने वालों में सूरज सिंह राजपूत, नीरज यादव सहित जेपी वर्मा कालेज, डीएलएस आदि कालेजों के छात्र-छात्राएं शामिल थे।



जनदर्शन में लगातार घट रही फरियादियों की संख्या

बिलासपुर। कुछ महीनों पहले तक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में दिखने वाली फरियादियों की भारी संख्या में लगातार कमी देखी जा रही है। कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में प्रत्येक मंगलवार को होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की अब वह उपस्थिति नहीं देखी जा रही है, जो कुछ महीने पहले तक नजर आती थी। लोग अपनी विभिन्न मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए यहां पहुंचते थे। ज्यादातर मामलों में इनमें से 50 प्रतिशत फरियादियों को उसी समस्या के समाधान के लिए समाधान नहीं मिलने की स्थिति में लगातार दूसरी व तीसरी बार भी आते देखा गया है। फरियादियों का कहना है कि एक तो उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, शिकायत दर्ज करवाने आते हैं, लेकिन समाधान नहीं मिल पा रहा है।

नाइसटेक में उन्नत एआई कोर्स शुरू, युवाओं को मिलेगा अवसर

बिलासपुर। विद्यार्थियों एवं युवाओं को आधुनिक तकनीक और रोजगारपरक कौशल से जोड़ने के उद्देश्य से नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन ईदगाह चौक द्वारा पाइथन, मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग में 45 दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। संस्था के डायरेक्टर ने बताया कि इस कोर्स में विद्यार्थियों को पाइथन प्रोग्रामिंग, डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। वास्तविक जीवन की समस्याओं पर आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विद्यार्थी स्वयं कार्य करके सीखेंगे। कोर्स में शामिल प्रमुख विषयों में पाइथन प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग, वास्तविक समस्याओं पर आधारित प्रोजेक्ट निर्माण,डेटा विश्लेषण एवं डेटा को प्रशिक्षण के लिए तैयार करना, मशीन लर्निंग की कार्यविधियां एवं मॉडल की गुणवत्ता का मूल्यांकन, न्यूरल नेटवर्क, सीएनएन एवं आरएनएन, टेंसरफ्लो एवं केरास का प्रारंभिक परिचय, एआई आधारित व्यावहारिक प्रोजेक्ट्स, प्रोजेक्ट प्रस्तुति एवं उसे उपयोग में लाने की प्रारंभिक प्रक्रिया शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसमें कोर्स में स्वयं अभ्यास करके सीखने पर आधारित प्रशिक्षण, वास्तविक समस्याओं पर आधारित प्रोजेक्ट्स, विशेषज्ञ प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन, उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप वास्तविक प्रोजेक्ट्स और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकसित करना है। प्रवेश के लिए सीट सीमित है।

एजुकेशन प्लस

एआई के युग में मानवीय संवेदनाओं की सख्त जरूरत : चौबे

अंतरराष्ट्रीय महोत्सव विश्वरंग: कला, ज्ञान व भारतीय चेतना का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पटना की प्रेमचंद रंगशाला में अंतरराष्ट्रीय महोत्सव 'विश्वरंग पटना–2026' का आयोजन किया गया। विश्व रंग फाउंडेशन, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, वैशाली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में देश-विदेश के प्रतिनिधियों, साहित्यकारों और कलाकारों ने हिस्सा लिया।

महोत्सव की शुरुआत बिहार की लोककलाओं से सजी रंगारंग शोभायात्रा से हुई, जिसने सांस्कृतिक विविधता में एकता और जीवंत लोक परंपरा का संदेश दिया। उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार ज्ञान और कला की ऐतिहासिक भूमि है। 'विश्वरंग' ने विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं को एक साझा मंच देकर विश्वबंधुत्व का संदेश दिया है। वहीं, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि डिजिटल दौर में युवा साहित्य और कला से दूर हो रहे हैं, ऐसे में यह आयोजन उन्हें मोबाइल की दुनिया से निकालकर किताबों और रचनात्मकता से जोड़ने का सराहनीय प्रयास है। समापन अवसर पर दिल्ली के 'संभव' आर्ट ग्रुप द्वारा संतोष चौबे की कहानियों 'उनके हिस्से का प्रेम' और 'लेखक बनाने वाले' का रंगमंचीय मंचन किया गया। वरिष्ठ रंग निर्देशक देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में कलाकारों ने प्रेम, महत्वाकांक्षा और साहित्य में बढ़ते बाजारवाद पर तीखा कटाक्ष किया। दर्शकों से खचाखच भरे सभागार में अमिताभ श्रीवास्तव, अमित सक्सेना, प्रकाश झा और गौरी देवल समेत अन्य कलाकारों ने जीवंत अभिनय किया।



कौशल विकास पर दिया जोर

विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे ने मातृभाषा में शिक्षा और हिंदी को कौशल के रूप में देखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई के युग में मानवीय संवेदनाओं और वास्तविक बुद्धिमत्ता की सख्त जरूरत है। इस अवसर पर उन्होंने प्रेमचंद रंगशाला में मुंशी प्रेमचंद की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। साथ ही 'विश्वरंग कैटलॉग' और चतुर्वेदी समाज की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित 12 खंडों के ग्रंथों का लोकार्पण किया गया। महोत्सव में आयोजित 8वीं टैगोर बाल कला कार्यशाला में सैकड़ों बच्चों ने चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी और मुद्रण कला की बारीकियां सीखीं। वरिष्ठ चित्रकार अशोक भौमिक व अन्य विशेषज्ञों ने बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए

आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा रवाना



बिलासपुर। युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन और नए रोजगार अवसरों से जोड़ने के लिए आईसेक्ट द्वारा 'आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा-2026' शुरू की गई है। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान आईसेक्ट के राज्य समन्वयक योगेश मिश्रा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। 'समर्थ भारत-सक्षम भारत' थीम पर आधारित यह राष्ट्रव्यापी अभियान 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा। एक माह में 20 राज्यों के 300 जिलों में पहुँचकर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। इसके तहत लगभग 500 शैक्षणिक संस्थानों और 1,000 आईसेक्ट केंद्रों तक पहुँचने का लक्ष्य है। यात्रा के दौरान करियर मार्गदर्शन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों और पंजीकरण की जानकारी दी जाएगी। कुलपति प्रो. घोष ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के साथ तकनीकी दक्षता बेहद जरूरी है, जबकि योगेश मिश्रा ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य कौशल विकास को स्थानीय समुदायों तक पहुँचाना है।

खबर संक्षेप

कांग्रेस करेगी एसडीएम कार्यालय का घेराव

पथरिया। क्षेत्र में बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 8 अक्टूबर को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी को लिखित सूचना दी है। कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष मुकेश मिरि ने कहा कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से बिजली संबंधी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालो में पूर्व एल्डरमेन संतोष पाली, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र श्रीवास, मनोज निषाद , संपत जायसवाल, युवा कांग्रेस नेता शौरभ शुक्ला उपस्थित रहे।

आज होगा कौशल विकास यात्रा का आयोजन

तखतपुर। कौशल विकास यात्रा का आयोजन 7 अक्टूबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यिमक विद्यालय तखतपुर में होगा। यह यात्रा एआईएस इंटीसी के तहत समर्थ भारत, सक्षम भारत विषय पर आधारित है। जो विद्यार्थियों, युवाओं, शिक्षकों तथा शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा कौशल विकास कैरियर के अवसर और प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी और जागरूकता देता है। कौशल यात्रा के दौरान विद्यार्थी संवाद भी आयोजित की जाएगी जिसमें विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा, कैरियर अवसर एआई पर भी चर्चा होगी। यह जानकारी दृष्टि कम्प्यूटर के संचालक परवेज भारमल ने दी।

धान खरीदी केंद्र पर पंचायत के निर्माण कार्य पर कोर्ट की रोक

तखतपुर। सिंघनपुरी में धान खरीदी केंद्र के लिए चिंहित स्थान पर पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य पर नायब तहसीलदार के न्यायालय ने रोक लगा दी है। अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सिंघनपुरी के द्वारा तहसीलदार के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया कि सेवा सहकारी समिति सिंघनपुरी में धान खरीदी स्थल पर वर्षो से धान खरीदी किया जा रहा है। उक्त स्थल पर मना करने के बाद भी ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा है और वहां पर भवन के बन जाने से धान खरीदी प्रभावित होगा। इस आवेदन पर नायब तहसीलदार के न्यायालय ने निर्णय लेते प्रकरण के निराकरण होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया है।

निधन

प्रेमलता लोहिया

बिलासपुर। लिंक रोड मित्र विहार निवासी प्रेमलता लोहिया का 6 अक्टूबर मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे द रेमंड शॉप के संचालक बजरंग लोहिया की पत्नी एवं अनुराग, अमित, अर्चना की माता थीं।



प्रमिला देवी चतुर्वेदी

बिलासपुर। मिनोचा कॉलोनी निवासी प्रमिला देवी चतुर्वेदी का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 73 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर बुधवार को मणिकर्णिका घाट, काशी (बनारस) में किया जाएगा। वे सौरभ चतुर्वेदी की मां, विद्या चतुर्वेदी की सास थीं।



लीला देवी मंगवानी

बिलासपुर। ऋषि कॉलोनी पुराना बिलासपुर निवासी लीला देवी मंगवानी का स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से संत कंवर राम मधुबन मुक्तिधाम, दयालबंद के लिए प्रस्थान करेगी। वे स्व. अमृतलाल मंगवानी की पत्नी एवं स्व. हरीश कुमार मंगवानी, मुकेश मंगवानी, दीपक मंगवानी की माता थीं।



सिंधु नारायण अड़पवार

बिलासपुर। कोनी रामायण नगर निवासी सिंधु नारायण अड़पवार का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेंद्र, सपना, अभय व विकास अडपवार की माता थी।



चेतन सिंह

बिलासपुर। जबड़ापारा निवासी चेतन सिंह का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।



दूसरे केंन्द्र में अटैच किए जा रहे नवपदस्थ कर्मचारी

उन्नयन के बाद भी पचपेड़ी सीएचसी में सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़ी का वर्ष 2025 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नयन किया गया था। लेकिन उन्नयन के बाद आज तक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़ी का बोर्ड तक नहीं लगाया गया है, जिससे शासन द्वारा किए गए उन्नयन का वास्तविक लाभ आम नागरिकों को मिलता दिखाई नहीं दे रहा है।

वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़ी में नवपदस्थ कर्मचारियों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में कार्य लेने के बजाय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी में बीएमओ एवं बीपीएम द्वारा संलग्न कर कार्य लिया जा रहा है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पचपेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए शासन द्वारा नवपदस्थ किए गए कृष्ण कुमार साहू, सहायक ग्रेड-2 एवं दीपक पटेल, ड्रेसर को पचपेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही कार्य लिया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। पचपेड़ी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बड़ी आबादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इसी केंद्र पर निर्भर है। ऐसे में यदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्वीकृत एवं नवपदस्थ कर्मचारियों को अन्य स्थान पर संलग्न रखा जाता है, तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन का उद्देश्य प्रभावित होता है। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पचपेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बोर्ड तत्काल लगाया जाए तथा नवपदस्थ सहायक ग्रेड-2 कृष्ण कुमार साहू एवं ड्रेसर दीपक पटेल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़ी में ही कार्य करने हेतु निर्देशित किया जाए। साथ ही, इस मामले की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़ी के लिए स्वीकृत मानव संसाधन का उपयोग पचपेड़ी में ही हो, जिससे आम नागरिकों को शासन की स्वास्थ्य योजनाओं एवं चिकित्सा सुविधाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो जनहित में आंदोलन एवं उच्च अधिकारियों के समक्ष ज्ञापन देने का निर्णय लिया जा सकता है।

बिल्डिंग की व्यवस्था नहीं

इस संबंध में मस्तूरी बीएमओ डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि खाली पेपर में उन्नयन किया गया है, बिल्डिंग की व्यवस्था नहीं की गई है। ब्लॉक मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्य अधिक होने की वजह से अकाउंटेंट कृष्ण कुमार एवं ड्रेसर दीपक पटेल से कार्य लिया जा रहा है।

आवारा पशु को खुला छोड़ने पर मारपीट

तखतपुर। पुरानी बातों को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार पोंगरिहा निवासी पापुरल दास मानिकपुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 अक्टूबर को गांव में आवारा पशुओं को खुला छोड़ने के संबंध बातचीत हुई थी। इस बातचीत को लेकर आरोपी भगत नेताम ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

दुकान का ताला तोड़कर हजारों का माल पार

तखतपुर। दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रूपए का सामान पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस के अनुसार काठाकोनी निवासी संदीप अनंत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 अक्टूबर की रात 8 बजे दुकान बंद कर, घर में खाना खाकर सो गए और जब सुबह वापस गए तो दुकान का दरवाजा टूटा हुआ था, जब अंदर जाकर देखा तो 17 हजार का माल अज्ञात चोर ने पार कर दिया।



245 गांवों में एक साथ शैक्षणिक भ्रमण को सुशांत ने दिखाई हरी झंडी

मोपका। सूर्यवंशी समाज का एक अनुकरणीय कार्य शिक्षा के क्षेत्र में पंचदेव की आशीर्वाद से सफल हो रहा है। यह समाज एकजुट क्रियाशील समाज है, उक्त उदगार सूर्यवंशी शिक्षा उत्थान समिति की बैनर तले शैक्षणिक भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाते हुए स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला ने कहीं।

उन्होंने आगे कहा कि पंचदेव स्व मोहराय, स्व सखाराम, स्व देवमन, स्व सहसराम तथा मालिक राम के जीवन चरित्र को लिपिबद्ध कर पुस्तक प्रकाशित हो तो समाज को इनके द्वारा किए गए। सामाजिक हित कार्य जन-जन तक पहुंचेगा व शैक्षणिक ढांचा को समझेंगे। सूर्यवंशी समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। समाज की उन्नति अथवा क्षमता के लिए भ्रमण समाज के संघर्ष की गाथा को लिपिबद्ध करना जरूरी है। समाज अपने आधार की ताकत को समाज सुधार अनुशासन एवं छत्तीसगढ़िया होने का महत्व बता रहा है। सूर्यांश के संरक्षक ने कहा कि यह ब्राह्मण डाल समाज में ज्ञान के साथ-साथ प्रतिभा खोज ग्रामीण एहसास वह कैरियर मार्गदर्शन की बात बताते कहां की शिवानी जांजगीर में आगामी 23 दिसंबर से चार दिवसीय विराट अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मेला महासम्मेलन की तैयारी एवं गांव गांव में आमंत्रण देने की बात कहीं सूर्यवंशी समाज के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर दरिया ने भी शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश सूर्यवंशी वह आभार विनोद मंजारे ने किया। इस अवसर पर टीसी रत्नाकर, आर एस टाइगर (रायपुर), हरदेव टंडन (जांजगीर), हेमंत पैंगोरा (रायगढ), साखन दर्वे, रहसलाल गढ़ेवाल, प्रकाश सूर्या, रहस रात्रे, बीआर सूर्यवंशी, राजू सूर्यवंशी, श्याम कार्तिक सूर्यवंशी, रामलाल सूर्यवंशी, देवकुमार पारकर, रेखा सूर्यवंशी, संगीता परिहार, रामकुमार पत्रवाणी, मनहरण हंसराज, शशिकांत लासार, दीपक सूर्यवंशी, कृष्ण कुमार, दुर्गा, दिनेश, राजकुमार सूर्यवंशी सहित समाज के जिला परिक्षेत्र व सर्किल पदाधिकारी सहित कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर के सामाजिक पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

> ■ सूर्यवंशी समाज का शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य - सुशांत

आंधी से गिरे दर्जनों पेड़, फसलें चौपट

ग्रामीणों ने प्राकृतिक क्षति के लिए प्रशासन से सर्वे की लगाई गुहार



लोरमी। ग्रामीण अंचल में आंधी-तूफान और बारिश से फसलें और मकान क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है। ग्राम पंचायत कोसमतरा का सेमीगेशन शेडनिर्माण पूरी तरह से उखड़ कर क्षतिग्रस्त होकर बाहर फेंका गया।

ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को अपराह्न लगभग 3 बजे अचानक मौसम ने करवट लिया और तेज अंधड़ के साथ मूसलाधार बारिश ने भारी क्षति पहुंचाई है। ग्रामीणों के अनुसार, इस सीजन में पहली बार इतनी तीव्र गति की हवाओं और बारिश का सामना करना पड़ा है। इस प्राकृतिक आफत के कारण क्षेत्र में, फसलों और पेडों को नुकसान पहुँचा है, जिससे सड़क संपर्क बाधित हो गया। आंधी की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मुख्य सड़क के किनारे स्थित बबूल का एक विशाल पेड़ उखड़कर सीधे रोड के बीचों-बीच गिर गया। इसके चलते मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई । जगह-जगह दर्जनों बड़े पेड़ उखड़ने और टूटने की सूचना है। इस आंधी-बारिश ने खेतों में खड़ी फसलों को सबसे ज्यादा क्षति पहुँचाया है। खड़ी धान की फसल पूरी तरह से जमीन पर गिर गई है। इसके अलावा गन्ना, राहर (अरहर) और तिल्ली की फसलें भी तेज हवाओं के कारण उखड़कर और गिरकर चौपट हो गई हैं। कई स्थानों पर दर्जनों बड़े पेड़ सीधे खेतों में धान की फसलों पर आ गिरे, जिससे फसल पूरी तरह नष्ट होने की समस्या बताई है। तेज हवाओं का असर ग्रामीण बस्तियों में भी देखने को मिला। आंधी इतनी तेज थी कि कई घरों की टीन की छतें उड़ गईं, वहीं कुछ कच्चे मकानों की दीवारें ढह गईं। गनीमत यह रही कि अभी तक किसी जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन आर्थिक रूप से ग्रामीणों को भारी क्षति पहुँची है। ग्रामीणों ने प्राकृतिक क्षति के लिए प्रशासन से आकलन सर्वे करने मांग की हैं।



रंगोली केवल कला नहीं, भारत की संस्कृति और सेवा का संकल्प : धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में रंगोली राष्ट्र, सेवा संकल्प और आभार की रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेंड्रे, बिल्हा जनपद अध्यक्ष डॉ. रामकुमार कौशिक, सेवा के रंग बिल्हा ब्लॉक के संयोजक नंदनी क्षत्रिय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ भारत, विकसित भारत, नारी शक्ति, डिजीटल इंडिया और शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवा संकल्प की थीम पर आकर्षक रंगोलियों का निर्माण किया जिसने सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्री कौशिक ने कहा कि रंगोली केवल रंगों का खेल नहीं बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति, शुभता और सृजन का प्रतीक है। भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से विद्यार्थियों में समाज सेवा और राष्ट्रप्रेम की भावना सुदृढ़ होती है। क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान तभी सफल होगा जब हर युवा देश और समाज के विकास के लिए संकल्प लेगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने कहा कि ₹महाविद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और राष्ट्र सेवा की भावना का बीजारोपण करना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरपी शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. विजय शंकर पात्रे ने किया। इस अवसर पर पुनीता डहरिया, मोहन ढोरिया, विष्णु बिंदल, नरेश मंगल, सुरेश मंगल, उमाशंकर कश्यप, इंद्रजीत सिंह क्षत्रिय, घनश्याम कौशिक, रानी चक्रवर्ती, बलदेव अग्रवाल, महेश माखीजा, केतन वर्मा, विवेक शर्मा, भूपेंद्र रामानी, आगर दास, महाविद्यालय के डॉ. एमआर आगर, डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. पीएल पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के संगठन का विस्तार गांव-स्तरीय बैठकों की रूपरेखा पर चर्चा



मस्तूरी। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना द्वारा मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार को लेकर ग्राम पताईडीह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकांत यादु, जिला अध्यक्ष शैलु ठाकुर, बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, वेद प्रसाद वर्मा, योगश यदु, ब्लाक अध्यक्ष अजय सुर्या, नंदलाल, मनीष बघेल की विशेष उपस्थित रही। बैठक में विधानसभा क्षेत्र में संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी गतिविधियों तथा गांव-गांव संगठनात्मक संपर्क को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ने, बूथ एवं ग्राम स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित करने तथा क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं को सामने लाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक के अंत में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं गांव-स्तरीय बैठकों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला में शिक्षण कौशल को विकसित करने पर जोर

बिल्हा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी के शिक्षकों ने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सरबहारा में आयोजित क्षमता संवर्धन कार्यशाला में सहभागिता की।



कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के शिक्षण कौशल को विकसित करना, नवीन शैक्षणिक पद्धतियों से परिचित कराना तथा कक्षा-कक्ष में प्रभावी एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना था। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को समझने, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, मूल्यांकन की नवीन विधियों तथा विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। डीएवी गोढ़ी के शिक्षकों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों एवं मार्गदर्शन को आत्मसात किया।डॉ एस एन पाण्डेय प्राचार्य डीएवी गोढ़ी शिक्षक समन्वयक (हिन्दी और संस्कृत)के रूप में शामिल हुए।कार्यशाला में आरती पाण्डेय, इंदुलता सोनी, अंजू देवी यादव एवं आशीष सोनी ने शिक्षक-प्रशिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक विषयों एवं गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को उपयोगी जानकारी प्रदान की तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। वहीं अंजन तिवारी, दीपक कुमार साहू, शांता शर्मा, चूड़ाकान्त, सरिता सिंह, नेत्रपाल सिंह ध्रुव, तितिक्षा ठाकुर, रचना सिंह, अंजलि सिंह, मोनिका लाजरस एवं यामिनी मरकाम ने शिक्षक प्रशिक्षार्थी के रूप में कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता की।

शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश

मुंगेली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, अभियानों एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उ न हों ने अधिकारियों को आमजन से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

> ■ कलेक्टर ने की शासकीय योजनाओं, अभियानों व विकास कार्यो की समीक्षा

कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा ज्योति यात्र के प्रस्तावित रूट एवं तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यात्र के दौरान आमजन की सुविधा और कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक सुरक्षाए यातायात एवं अन्य व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ सेवा ज्योति का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में एग्रीस्टेक के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत स्तर पर किसानों को आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दियाए ताकि पात्र किसान कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से जुड़े ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने धान खरीदी को लेकर उपार्जन केन्द्रों में की जा रही तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने किसानों की सुविधा के लिए बारदाना, तौल व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, छाया एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी हो तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने पीडीएस भवनों से संबंधित न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों में विभागीय स्तर पर आवश्यक समन्वय बनाए रखने को कहा। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पात्र किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिए लंबित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।



सामाजिक भवन में भेंट किया सबमर्सिबल पंप

लखराम। सचिव मोहन गुप्ता द्वारा अपनी माता स्व. सीता देवी गुप्ता की स्मृति में पितृपक्ष के अवसर पर श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान लखराम गढ़ के सामाजिक भवन में जलापूर्ति हेतु सबमर्सिबल पंप प्रदान करने की घोषणा की गई। मातृ स्मृति में किया गया यह सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है।



लखरामगढ़ समाज द्वारा इस सेवा कार्य को सहर्ष स्वीकार करते हुए वीरेन्द्र गुप्ता, जोन उपाध्यक्ष ने मोहन गुप्ता के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सप्तगढ़ अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष मणिशंकर गुप्ता द्वारा स्व माता की स्मृति में पौधरोपण हेतु पीपल का पौधा मोहन गुप्ता को भेंट किया गया। इस अवसर पर लखरामगढ गढ के सम्माननीय पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मोहन गुप्ता के ईस्टमित्र एवं रिस्तेदार उपस्थित रहे।

आम सूचना

गीधा प.ह.नं. 14/46

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि ख.नं. 116 रकबा 3.86 हे. (9.10 एकड़) को ग्राम गीधा स्थित जिस पर मेरा 1 मंजिल पक्का मकान भी 1972 से बना है जिसमें मैं अपने परिवार सहित निवास कर रहा हूं। जिसके संबंध में मेरे द्वारा व्यवहार न्यायालय मुंगेली में अन्य संपत्ति के साथ वाद प्रस्तुत किया गया है जो उक्त न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति को कोई भी व्यक्ति अल्का, अर्चना, अल्पना तिवारी, अपर्णा या किसी अन्य व्यक्ति से क्रय विक्रय हस्तांतरण की कार्यवाही उक्त संपत्ति के संबंध में न करें। सो इतला जानें।

भवदीय
आनंद मिश्रा
पिता स्व. रामखेलावन मिश्रा
गीधा
मो. 9893354482

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 01/10/2026

ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूनाबिलासपुर प.ह.न. 36 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 912/1 रकबा 0.1950 हे. भूमि का आवेदक हरीश कुमार मलघानी पिता प्रभुमल मलघानी वगैरह निवासी लाला लाजपतराय नगर खपरगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु, बी-खसरा पांचशाला सहित आवेदन प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 16/10/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 01/10/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर, (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/1064/अ.वि.अ./ स्टेनो /2026
बिलासपुर, दिनांक 06/10/2026

आवेदक रूद्र इंफ्राकॉन द्वारा भागीदार प्रदीप कुमार सिंह पिता बृजेश सिंह, निवासी-विद्या उप नगर बिलासपुर व अन्य द्वारा मौजा लगरा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 85/5 रकबा 0.3850 हे. भूमि का आवासीय उपयोग हेतु भूमि कॉलोनाईजर के रजिस्ट्रेशन एवं निर्बन्धन नियम के तहत कॉलोनी विकास की अनुमति हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक को आवेदित भूमि के कॉलोनी विकास की अनुमति दिये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति /दावा हो तो वह अपना आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दिनांक 22/10/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद प्राप्त होने वाले आपत्ति/दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलासपुर, (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
विवाह सूचना का प्रकाशन

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2026, बिलासपुर, दिनांक 28.09.2026

आवेदक श्री मिलिंद खोब्रागड़े आत्मज श्री रामाराव खोब्रागड़े उम्र 43 वर्ष निवासी मकान नंबर 40, वार्ड नंबर 14, पाठक किराना के सामने गली, विनोबा नगर, थाना तारबाहर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी रश्मि रामटेके आत्मजा श्री आनंद रामटेके उम्र 35 वर्ष निवासी मकान नं. 14, गली नंबर 01, वार्ड नंबर 13 मगरपारा थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 22.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


मिलिंद खोब्रागड़े


रश्मि रामटेके

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
-: विवाह सूचना का प्रकाशन:-

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले./2026
बिलासपुर, दिनांक 29.09.2026

आवेदक श्री अरविन्द कुमार साहू आत्मज श्री बुधराम साहू उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 10 पाराघाट, थाना मस्तूरी तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी रिया आत्मजा श्री चन्द्रप्रकाश टोडर उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01 ग्राम किसान परसदा, थाना व तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 29.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


अरविन्द कुमार साहू


रिया

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

भक्ति की ज्योति जलाएं, जीवन में सुख समृद्धी पाएं



सिद्ध बघर्रा पाठ महाराज भगवान नृसिंह नाथ मंदिर हाँफा

शारदीय (क्वॉर) नवरात्रि पर्व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलन
11 अक्टूबर 2026 दिन - रविवार से 20 अक्टूबर 2026 दिन - मंगलवार
20 अक्टूबर सुबह 9:00 बजे कन्या पूजन कन्या भोज (भंडारा) अपराह्न 12:00 बजे विसर्जन तत्पश्चात दशहरा पर्व

प्रतिदिन भजन कीर्तन जस गीत एवं प्रसाद भंडारा

Dhanesh upadhyay shop

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित
घृत 2051 तेल 901

संपर्क-आचार्य धनेश उपाध्याय सिद्ध बघर्रा पाठ महाराज नृसिंह नाथ मंदिर हाँफा

नोट- आप ऑनलाइन क्यू आर कोड के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते हैं
9109095274, 9893263912



॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥ ॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥ ॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥ ॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥ ॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥ ॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥ ॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥ ॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥ ॥ ऊँ श्री भैरवाय नमः ॥

घृत ज्योति कलश 2100/- रू.
तेल ज्योति कलश 701/- रू.

श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर

शारदीय (क्वॉर) नवरात्रि पर्व 11.10.2026 से 20.10.2026

विशेष :- मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी को श्री भैरव जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाता है जिसमें धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

प्रतिदिन भंडारा

मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना एवं विसर्जन मुख्य ज्योति कलश के साथ होंगे।



पीठाधीश पंडित जागेश्वर अवस्थी
प्रमुख श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरवबाबा मंदिर रतनपुर, मो. 96690-24000

निम्न स्थानों से मनोकामना ज्योति रसीद प्राप्त करें :- सिद्ध पीठ श्री भैरव बाबा मंदिर कार्यालय, रतनपुर, शिव स्वीट्स, नया बस स्टैण्ड- रतनपुर, सुभाष किराना स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड, रतनपुर, विजय साउण्ड सर्विस. महामाया चौक, रतनपुर, दुबे कैसेट सेंटर भैरव बाबा मंदिर, रतनपुर, विजय ज्वेलर्स, मेन रोड कटघोरा, जायसवाल मेडिकल स्टोर्स पुराना बस स्टैण्ड, कोरबा, अग्रवाल मोबाईल- मुंगेली नाका, बिलासपुर मिश्रा पुस्तकालय-गोल बाजार बिलासपुर, विनोद गोरख ज्वाली पुल के पास, बिलासपुर, नीलकंठ रेस्टोरेंट- प्रताप चौक, बिलासपुर, रवि तम्बोली (सोनू), करैहापारा रतनपुर, पं. महेश्वर पाण्डेय हांफा बिलासपुर, महामाया अनाज भण्डार छूराकछार, कोरबा, भारत होजियरी हाउस पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर

बिलासपुर संभाग का प्रथम ISO 29990:2010 प्रमाणित संस्थान

MAHAMAYA PVT ITI GROUP



उपलब्ध कोर्स

क्र.	कोर्स	अवधि	न्यूनतम
1.	इलेक्ट्रिशियन	2 वर्ष	16 वर्ष
2.	फीटर	2 वर्ष	16 वर्ष
3.	कोपा	1 वर्ष	16 वर्ष
4.	वेल्डर	1 वर्ष	16 वर्ष
5.	डीजल मैकेनिक	1 वर्ष	16 वर्ष

छत्तीसगढ़, उड़ीसा
योग्यताः- 10वीं पास
(नियमित / पत्राचार / ओपन / स्वाध्यायी)



Mr. Shatrughan Sahu
Secretory Mahamaya Pvt ITI



Smt. Santoshi Sahu
Director Mahamaya Pvt ITI



Praveen Sahu
joint secretary Mahamaya Pvt ITI

महामाया आई.टी.आई । बस स्टेण्ड, रतनपुर, अशोक नगर (खमतराई) बिलासपुर (छ.ग.) मो . 98271-05246, 99814-45780, 97534-33122, 99071-31896

सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट

रतनपुर (बिलासपुर छ.ग.) 495442 फोन: 07753-255526 मो. 7415617816
www.mahamayaratanpur.com, gmail- mahamayaratanpur2010@gmail.com

शारदीय (क्वॉर) नवरात्रि पर्व 11.10.2026 से 20.10.2026



श्री महामाया देवी

क्वॉर शुक्ल 1 रविवार दिनांक 11 अक्टूबर 2026 पूर्वान्हरु 10.51 बजे से
मांगलिक स्नान, द्वारपूजन, धूपपरिक्रमा, घटस्थापन देवी षोडशोपचार पूजन,
मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलन, शतचण्डी यज्ञ, श्रीमद भागवतादि पाठ।
क्वॉर शुक्ल 7 शनिवार दिनांक 17 अक्टूबर 2026 रात्रिदर्शन पदयात्रा
धूपपरिक्रमा, यज्ञवेदी पूजन, पुण्याहवाचन महाष्टमी पूजन, अष्टमी हवन
संधिबेला प्रात: 06:53 बजे पश्चात् पूर्णाहूति, यज्ञशांति पुष्पाजंलि
क्वॉर शुक्ल 9-10 मंगलवार दिनांक 20 अक्टूबर 2026
महानवमी पूजन राजसी श्रृंगार
पूर्वान्ह 10.00 बजे राजसी नैवेद्य, कन्याभोज, ब्रह्मभोज
अपरान्ह 12.00 बजे विसर्जन, दशहरा पूर्व।



श्री लखनी देवी

प्रतिदिन सायं लाइव आरती दर्शन - YouTube

SBI BANK ONLINE HDFC BANK
QR स्केन कर मनोकामना ज्योति कलश घृत/तेल/दान कर सकते है।

मनोकामना ज्योति कलश

ज्योति कलश तैल 700/- घृत 2100/-
आजीवन ज्योतिकलश तैल 31000/- घृत 51000/-
श्रीमद् देवीभागवत कथा पं. श्री महावीर शर्मा जी (डगनिया वाले) बिलासपुर
श्री लखनीदेवी मंदिर मंगलकामना जवारा 150/-रूपये
माता सेवक जसगीत रात्रि 09:00 बजे से
निःशुल्क भण्डारा

मनोकामना ज्योतिकलश रसीद प्राप्ति की अधिकृत स्थान

रतनपुरः- सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामायादेवी मंदिर ट्रस्ट, मनराखन जायसवाल (अधिवक्ता), संतोष शुक्ला, धर्मेन्द्र चंदेल, शैलेन्द्र जायसवाल, ओमप्रकाश तम्बोली, किशन तम्बोली, आनंद जायसवाल, शिव स्वीट्स एवं पान भण्डार, अमृतपान भण्डार, अग्रवाल क्लाथ स्टोर, कौशिक स्टेशनरी एवं जनरल स्टोर्स, विजय साउण्ड सर्विस, श्री मेडिकल, डी.सी. यादव मेंडराः सतीश शर्मा भरारीः शशि कुमार मिश्रा, बिलासपुर आशीष सिंह ठाकुर अध्यक्ष, निवास- नेहरु नगर, बृजमोहन अग्रवाल-विद्यानगर, बजरंग लोहिया आदित्य द रेमण्ड शाप-लिंकरोड, सुनील सोनथलिया सोनथलिया एजेंसी-व्यापार विहार, अनिल खण्डेलवाल मौसाजी स्वीट्स गोलबाजार, विनोद गोरख जूना बिलासपुर, अरुण शर्मा-वैशालीनगर फेस-2, राजेश कपिश शर्मा-एल-10 गली शेष कालोनी विनोबानगर, रितेश जूनेजा हिन्दुस्तान सेनेटरी एंड हार्डवेयर स्टोर्स गांधी प्रतिमा, शक्ति सिंह ठाकुर सरकण्डा, चेतनधर शर्मा (किलावार्ड जूना बिलासपुर), गोपाल गुप्ता महामाया प्रापर्टी डीलर मध्यनगरी चौक, राजकुमार खुशलानी भारत होजियरी पुराना बस स्टैण्ड, कपिल देव पाण्डेय जोरापारा, अभिषेक ट्रेडिंग कम्पनी शास्त्री मार्केट, श्रीवाच हाउस गोलबाजार, मिश्रीलाल मिश्रा पुस्तकालय गोलबाजार, रमन दुबे पत्रकार, साँवरिया स्टोर मारवाडी लाइन, गोयल सेल्स-व्यापार विहार, निशानिया ट्रेडिंग कं व्यापार विहार, नवीन परिहार पुलिस लाईन, नीलकंठ हाटल -प्रताप चौक, के. के. शर्मा पत्रकार, रामेश्वर सोनी-हरिभूमि, जायसवाल पान सेंटर-मिशन हास्पिटल रोड, अग्रवाल मेडिकल एजेंसी, मेडिकल काम्प्लेक्स, गुरुनानक वस्त्रालय मुंगेलीनाका, जी.पी. पाण्डेय भारतीय नगर, तिवारी पान सेंटर गेट-1 बुधवारी, शिवशक्ति प्रोविजन स्टोर्स- जरहाभाठा रोड, रामगोपाल तिवारी आईटीआई कोनी, आर. के. सोनी आर्किटेक्ट तेलीपारा, महामाया आईटीआई अशोकनगर, शिवशंकर प्रोविजन बृहस्पति बाजार, अनिल शर्मा शाप 26 भगत सिंह काम्पलेक्स व्यापार विहार, वेरायटी ट्रेडर्स प्रताप चौक, शकुन श्रृंगार भंडार गणेश चौक कोरबाः अशोक जायसवाल मेडिल स्टोर पुराना बस स्टैण्ड। छुरीः रामकृष्ण दुबे बाल्कोः गणेश पान भण्डार बस स्टैण्ड। पेंड्रारोड वस्त्रलोक पेंड्रा, सुमीत मोटर्स। बाकीमोंगरा सरस्वती मेटल स्टोर्स एंड फोटोकापी। भिलाईः शरद दुबे नगर निगम। मुंगेलीः डा. मुकेश मिश्रा, एस.एन.जी. कालेज कोटाः कुलवंत सिंह, कमल हार्डवेयर तखतपुर विनोद जायसवाल (अधिवक्ता), टेकचंद कारडा। कटघोराः परिधान। रायगढ़ जयप्रकाश केडिया। जांजगीर शंकर पान भण्डार। नैलाः अमिताभ शर्मा स्टेशन चौक। अकलतराः चिरोंजीलाल अग्रवाल। पंडरियाः महामाया मेडिकल स्टोर। लोरमीः जयंती किराना स्टोर्स, प्रकाश मेडिकल स्टोर। सीपतः दीपक तुलस्यान। सक्तीः गनपतलाल श्यामसुन्दर अग्रवाल ।

जवारा हेतु उपरोक्त स्थान के अतिरिक्तः रतनपुरः सुभाष अग्रवाल, नरेश सोनी, सालिक राम मरकाम । कलमीटारः भूपचंद शुक्ला, यशवंत विश्वकर्मा, कोटाः छेदीलाल गुप्ता, बिलासपुरः भागवत प्रसाद तिवारी अर्चना विहार, विनिता विश्वकर्मा (हटरी चौक), राजेश सिंह ध्रुव (न.नि.बिलासपुर) रानीबछालीः कमलेश शुक्ला, उमाशंकर तिवारी, भरीरी (गनियारी): अर्जुन लाल उजागर।

खबर संक्षेप

जब्त गांजे का कल होगा नष्टीकरण

बिलासपुर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनडीपीएस प्रकरणों के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थ गांजा का 8 अक्टूबर को विधिवत नष्टीकरण किया जाएगा। यह कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति की निगरानी में मोहतराई स्थित सुधा बायो पावर प्रा लिमिटेड की भट्टी में की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय बिलासपुर के अंतर्गत थानों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति द्वारा एनडीपीएस प्रकरणों से संबंधित सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची और मूल दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य पाए गए गांजा व मादक पदार्थ को 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सुधा बायो पावर प्राइवेट लिमिटेड, मोहतराई जिला बिलासपुर स्थित भट्टी (फर्नेस) में जलाकर नष्ट किया जाएगा। निर्धारित स्थल पर यह पूरी कार्रवाई समिति के सदस्यों एवं पंचों की उपस्थिति में पूरी की जाएगी।

लूडो खेलने से मना किया पुलिसकर्मी से मारपीट

बिलासपुर। लूडो खेलने से मना करने पर युवक ने पुलिसकर्मी से मारपीट कर दी। सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ईदगाह चौक पुलिस क्वार्टर निवासी धनेश साहू पिता शंकरलाल साहू, पुलिस लाइन में वाहन चालक हैं। 4 अक्टूबर को उनके घर के सामने कुछ लोग लूडो खेल रहे थे। धनेश ने वहां लूडो खेलने से मना किया तो परमेश्वर सोनी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट कर दी। पुलिस ने धनेश की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।



बस की टक्कर से स्कूटी सवार दो भाई घायल

बिलासपुर। तेज रफ्तार स्कूली बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दो भाई घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सकरी पुलिस के अनुसार निरतू मौहारपारा निवासी ओमप्रकाश पटेल पिता रामफल पटेल 5 अक्टूबर को अपने भाई देवी पटेल के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 6308 से लोखंडी जा रहे थे। लोखंडी ओवरब्रिज पर सामने से तेज रफ्तार में आ रही महर्षि स्कूल की बस क्रमांक सीजी 10 जी 1585 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई घायल हो गए और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओमप्रकाश की रिपोर्ट पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए) और 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश में ग्रामीण पर टंगिया से हमला

बिलासपुर। पुरानी रंजिश में एक ग्रामीण से मारपीट कर टंगिया से हमला कर घायल कर दिया गया। सीपत पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कुकदा निवासी लतेलराम लैहर्षण 5 अक्टूबर की शाम करीब 6.30 बजे खेत से काम करने के बाद घर लौटे थे। इसी दौरान पड़ोसी तिलेश कुमार सूर्यवंशी पुरानी रंजिश को लेकर उनसे गाली-गलौज करने लगा। लतेलराम ने गाली देने से मना किया तो तिलेश ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी और टंगिया से हमला कर दिया। हमले में उनके हाथ और भुजा में चोट आई। वहीं दिनाराम सूर्यवंशी और प्रमिला ने भी उनके साथ हाथ-मुक्के से मारपीट की। पुलिस ने लतेलराम की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(3) व 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

बहतराई स्थित स्टेडियम में फ्लड लाइट व दर्शक गैलरी के निर्माण कार्य में जमकर भर्राशाही

6 साल से अधूरा हॉकी स्टेडियम, मंत्री की फटकार के बाद भी काम धीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बहतराई स्थित बीआर यादव हॉकी स्टेडियम में फ्लड लाइट व दर्शक गैलरी के निर्माण कार्य में जमकर भर्राशाही की जा रही है। हाल यह है कि 4 माह पहले लोनिवि मंत्री द्वारा 15 दिनों के भीतर निर्माण पूरा करने का निर्देश और अधिकारियों को लगाई गई फटकार भी काम नहीं आ रही है। अब तक अधूरे निर्माण की शिकायत अब सीएम पोर्टल में की गई है, जिसके बाद एक बार फिर लोक निर्माण विभाग और खेल विभाग हरकत में आ चुका है.

अलग खबर

6 साल पहले बहतराई हॉकी स्टेडियम में 15 करोड़ 95 लाख रूपए की लागत से दर्शक गैलरी और फ्लड लाइट निर्माण की स्वीकृति मिली, करीब 10 करोड़ 29 लाख रूपए सिविल और 4 करोड़ 94 लाख रूपए की फ्लड लाइट में खर्च किया जाना था, लेकिन 6 साल बाद भी निर्माण अधूरा है। साल 2024 में मेसर्स संजीव कंस्ट्रक्शन को इसका ठेका दिया गया, लेकिन हर बार बहाना बनाकर निर्माण कार्य में देरी की गई, जिसके बाद 17 जून 2026 को उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री अरूण साव ने हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने देरी पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की जमकर क्लास ली और महज 15 दिनों में काम पूरा करने का निर्देश दिया, लेकिन 4 माह बीतने के बाद कार्य लंबित है।

बताया जा रहा है कि सिविल कार्य में पैनल रूम, रैलिंग, दरवाजा आदि का निर्माण नहीं हो सका है, वहीं फ्लड लाइट निर्माण पूरी तरह से बाकी है। लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के चलते संभाग के हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी स्टेडियम की सुविधा नहीं मिल रही है।

ठेकेदार को तीन बार एक्सटेंशन

बताया जा रहा है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ठेकेदार को 3 बार एक्सटेंशन दिया गया है। मेसर्स संजीव कंस्ट्रक्शन को मार्च 2024 में निर्माण कार्य का ठेका दिया गया है। 6 माह की अवधि में निर्माण कार्य पूरा किया जाना था, लेकिन अबतक 3 बार एक्सटेंशन दिया जा चुका है। इसके बाजवूद निर्माण पूरा होने में विलंब है।



- लोक निर्माण मंत्री ने कहा था 15 दिनों में काम पूरा हो।
- अब सीएम पोर्टल में शिकायत के बाद हरकत में आया विभाग।

सीएम पोर्टल में शिकायत

खास बात यह है कि हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर शिकायतकर्ता आकाश सोनी द्वारा सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद खेल विभाग और पीडब्ल्यूडी एक बार फिर हरकत में आ चुका है। सूत्रों के अनुसार ठेकेदार द्वारा बारिश का बहाना बनाकर हर बार निर्माण कार्य में देरी की गई है। मुख्य तकनीकी परीक्षक द्वारा कार्य का निरीक्षण किया गया हैं और उनके निर्देश पर गुणवत्ता सुधारी जा रही है।

सिविल वर्क किया जा रहा है

सिविल वर्क पूरा किया जा रहा है, रैलिंग और पैनल रूम निर्माण 15 दिनों में खत्म हो जाएगा। फ्लड लाइट के लिए फाउंडेशन बनाया गया है।

- विमल बघेल, जूनियर इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी

डेढ़ माह लग सकता है

फ्लड लाइट के लिए हाईमास आ चुका है, लाइट आना बाकी है। पैनल का निर्माण कार्य खत्म होते ही इलेक्ट्रिसिटी का काम किया जाएगा। इसमें डेढ़ माह का समय लग सकता है।

- मुकेश कुमार, एसडीओ पीडब्ल्यूडी ईएण्डएम

---

700 एलपीएम का प्लांट बंद, उपकरण हो चुके है गायब

लाखों रुपए के आक्सीजन प्लांट में ताला, किराए पर चल रही हैं सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में बना लाखों रूपए का आक्सीजन प्लांट बंद पड़ा है, ऐसे में महीने में बच्चों को आपातकालीन समय में किराए के आक्सीजन से सांस दी जा रही है। यह पूरा मामला कमीशनखोरी का है, सालों से आक्सीजन प्लांट बंद कर सिलेंडर के भरोसे काम चलाया जा रहा है।

जिला अस्पताल परिसर के मातृ एवं शिशु अस्पताल में प्रबंधन का नियंत्रण नहीं है। यही कारण है कि व्यवस्थाएं खराब हो रही है और मरीजों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला आक्सीजन प्लांट का है। दरअसल 38 लाख रूपए खर्च कर मातृ एवं शिशु अस्पताल में 700 एलपीएम का आक्सीजन प्लांट बनाया गया, लेकिन इसके बंद कर रखा जाता है। बताया जा रहा है कि इसकी सप्लाई एनआईसीयू में भर्ती बच्चों के लिए आपूर्ति की जाती है। जहां लो-प्रेशर से आक्सीजन सप्लाई की जानी है, लेकिन प्रबंधन इसका नोजल नहीं बदल सकी है। इसके बदले हर महीने हजारों रूपए खर्च कर सिलेंडर किराए पर लिया जाता है, जिससे आक्सीजन देकर बच्चों को सांस पहुंचाई जा रही है। विडंबना यह है कि इस बारे में अस्पताल प्रबंधन को जानकारी है लेकिन कमीशनखोरी के चलते कुछ कर्मचारी प्लांट की मरम्मत नहीं करा रहे है।





हर महीने 200 सिलेंडर की आपूर्ति

खास बात यह है कि जिला अस्पताल में हर महीने 200 सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है, हर दिन 7 से 10 सिलेंडर की खपत है। ऐसे में 700 एलपीएम के आक्सीजन प्लांट को शुरू कर जिला अस्पताल प्रबंधन जीवन दीप समिति के हजारों-लाखों रूपए बचा सकता है। जानकारी के अनुसार बंद आक्सीजन प्लांट से उपकरण की चोरी कर ली गई है, जिसके चलते इसके मरम्मत में भी हजारों रूपए खर्च करने पड़ सकते है।

दुरूस्त कराया जाएगा

बच्चों को लो प्रेशन के आक्सीजन की सप्लाई की जानी है, ऐसे में प्लांट से सप्लाई अधिक आ रही थी, इसे दुरूस्त कराया जाएगा। टेक्नीशियन को बुलाया जा रहा है।

-डॉ एसके कुजूर, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

डिप्टी रजिस्ट्रार को सीयू ने दिया वीआरएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार आरके सोनी पिछले 9 साल से बाहर दूसरे संस्थान में अपनी सेवा दे रहे हैं। वर्तमन में डिप्टी रजिस्ट्रार सोनी साउथ एशियन यूनिवर्सिटी दिल्ली में रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत हैं और उन्होंने सालभर पहले ही गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति वीआरएस के लिए आवेदन दिया था। मंगलवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की बैठक हुई, जिसमें वीआरएस के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई है।

- दिल्ली के एशियन यूनिवर्सिटी में दे रहे सेवा

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल को कुलपति पद पर एक्सटेंशन मिलने के बाद मंगलवार को कार्य परिषद की बैठक हुई। कार्य परिषद के बैठक में विभिन्न एजेंडों, आर्डिनेश आदि पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। वहीं कार्य परिषद में डिप्टी रजिस्ट्रार आरके सोनी द्वारा सालभर पहले दिए गए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति वीआरएस के आवेदन संबंधी प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई और कार्य परिषद ने उन्हें वीआरएस प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी आरके सोनी डिप्टी रजिस्ट्रार के पद पर पदस्थ थे। लेकिन वर्ष 2017 में पूर्व कुलपति के कार्यकाल में डिप्टी रजिस्ट्रार श्री सोनी सेंट्रल यूनिवर्सिटी को छोड़कर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई प्रतिनियुक्ति पर चले गए थे। प्रतिनियुक्ति समाप्त होने के बाद से वे असाधारण अवकाश पर चल रहे थे। डिप्टी रजिस्ट्रार आरके सोनी वर्तमान में साउथ एशियन यूनिवर्सिटी नई दिल्ली में रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत हैं। इस तरह श्री सोनी पिछले लगभग 9 साल से यूनिवर्सिटी के बाहर दूसरे संस्थानों में अपनी सेवा देते आ रहे हैं। श्री सोनी ने पिछले साल ही सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति वीआरएस के लिए आवेदन दे दिया था। खबर है कि डिप्टी रजिस्ट्रार श्री सोनी अपनी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के संबंध में बीच में सेंट्रल यूनिवर्सिटी आए थे और उन्होंने और आवेदन दिया था। आज यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की बैठक हुई, जिसमें उनके वीआरएस संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई और उनका वीआरएस स्वीकार कर लिया गया।

वीआरएस को लेकर फंसा था पेंच

डिप्टी रजिस्ट्रार आरके सोनी ने गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति वीआरएस लेने के लिए आवेदन दे दिए थे। लेकिन उनके वीआरएस के आवेदन को लेकर पेंच फंस हुआ था। क्योंकि बताया जा रहा था कि वीआरएस वहीं ले सकता है जो संस्थान में नौकरी कर रहा हो, किन्तु डिप्टी रजिस्ट्रार श्री सोनी तो पिछले कई सालों से यूनिवर्सिटी में अवकाश पर चल रहे थे। इसलिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उनके वीआरएस पर निर्णय लेने में समय लिया।

असिस्टेंट रजिस्ट्रार त्रिपाठी गए थे इग्नू

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एक और अधिकारी यहां को छोड़कर दूसरे संस्थान चले गए हैं। असिस्टेंट रजिस्ट्रार संतोष त्रिपाठी गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी से लिएन धारणाधिकार लेकर इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी इग्नू चले गए थे और वहां पर उनकी नौकरी कन्फर्म होने के बाद असिस्टेंट रजिस्ट्रार संतोष त्रिपाठी ने गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

घर में पकाया जा रहा था चीतल का मांस

आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत जागरूकता सप्ताह के अलावा जांच के दौरान बिलासपुर वन मंडल की टीम ने मंजूरपहरी में दबिश दी, जहां एक घर में चीतल का मांस खाने के लिए पकाया जा रहा था। टीम ने चीतल का मांस सहित आरोपी को पकड़कर वन्यप्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि मंजूरपहरी गांव में वन्यप्राणी का अवैध शिकार किया गया है। सूचना मिलने पर तत्काल मंजूरपहरी गांव में छापामार कार्रवाई की गई। मंजूरपहरी के दहाइतपारा सीपत निवासी चैनसिंह 40 साल और राजकुमार 40 साल के घर में तालाशी के दौरान चीतल का मांस मिला। दोनों आरोपी चीतल का अवैध शिकार करने के बाद उसे काटकर मांस पकाकर खाने की तैयारी कर रहे थे।



गिरफ्तार आरोपी, इनसेट में पकाया गया चीतल का मांस।

विभागीय टीम ने दोनों आरोपियों के पास से चीतल का मांस जब्त करने के बाद वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

करंट से कोटवार की मौत, 5 दिन से खेत में पड़ी रही लाश

बिलासपुर। टूटे 11 केवी बिजली तार की चपेट में आने से कोटवार की मौत हो गई। उनकी लाश पांच दिन तक खेत में पड़ी रही। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बिल्हा टीआई तोपसिंह नवरंग ने बताया कि ग्राम सेवती निवासी कमलदास मानिकपुरी (30) गांव में कोटवार थे। 30 सितंबर की सुबह वह फसल देखने खेत गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन ने गांव और आसपास उनकी तलाश की। पता नहीं चलने पर थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। 5 अक्टूबर को बिजली विभाग के कर्मचारी 11 केवी लाइन के टूटे तार की मरम्मत के लिए कमलदास के खेत पहुंचे। इसी दौरान उन्हें खेत में औंधे मुंह कमलदास की लाश पड़ी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि 11 केवी बिजली तार टूटकर खेत में गिरा था और उसकी चपेट में आने से करंट लगने के कारण कमलदास की मौत हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मृतक।

1618 शिक्षक गैरहाजिर, अब डिजिटल निगरानी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के गैरहाजिर रहने की बात सामने आई है। विद्या समीक्षा केंद्र की डिजिटल निगरानी में बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर और कोटा ब्लॉक के स्कूलों में 1618 शिक्षक बिना पहले बताए गैरहाजिर मिले। इनमें सबसे ज्यादा 659 शिक्षक बिल्हा में थे। इसके बाद मस्तूरी में 384, तखतपुर में 323 और कोटा में 252 शिक्षक गैरहाजिर मिले।

डिजिटल निगरानी में सामने आए आंकड़ों से पता चला कि कई स्कूलों में शिक्षक नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में यह स्थिति ज्यादा देखने को मिली। बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं, लेकिन कई जगह शिक्षक नहीं होने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भी कई शिक्षक गैरहाजिर मिले।

एप से दर्ज होगी 100% हाजिरी

जिला शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि अब शिक्षकों की हाजिरी विद्या समीक्षा केंद्र के जरिए डिजिटल तरीके से दर्ज होगी। स्कूल की 100 मीटर की सीमा में पहुंचने पर ही एप में हाजिरी दर्ज होगी। इसी हाजिरी के आधार पर वेतन दिया जाएगा।

स्वामी आत्मानंद स्कूल भी अछूते नहीं

उत्कृष्ट शिक्षा के लिए जाने जाने वाले स्कूल भी प्रभावित हैं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भी शिक्षक गायब मिले। इससे बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। अभिभावकों में इस स्थिति को लेकर काफी नाराजगी है। डिजिटल आंकड़े बताते हैं कि लापरवाही नियमित रूप से जारी थी। प्रशासन अब इस मामले में कड़े कदम उठा रहा है। लापरवाह रवैये पर लगाम लगाने की तैयारी हो चुकी है। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब शिक्षकों की उपस्थिति डिजिटल माध्यम से ही दर्ज होगी। स्कूल परिसर के 100 मीटर दायरे में ऐप काम करेगा। सही लोकेशन पर पहुंचने पर ही हाजिरी लग पाएगी। ऑनलाइन अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन बनाया जाएगा। गैरहाजिर रहने वाले शिक्षकों की सैलरी ब्रेक की जाएगी। विभाग अब शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर दे रहा है

सड़क हादसे में घायल कोरियरकर्मी की मौत

बिलासपुर। सड़क हादसे में घायल कोरियरकर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिम्स चौकी से मिली जानकारी के अनुसार चकरभाठा विकास नगर निवासी शिवा साहू पिता सरजू साहू (47) कोरियर बांटने का काम करते थे। 29 सितंबर को परसदा शारदा मंदिर के पास अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। 30 सितंबर की शाम उन्हें सिम्स में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान 6 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

एटीएम से पैसे निकालने गए स्वसहायता समूह की अध्यक्ष के बेग से 40 हजार चोरी

बिलासपुर। एटीएम से रुपए निकाल रही स्वसहायता समूह की अध्यक्ष के बैग से 40 हजार रुपए चोरी हो गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार इंद्रपुरी हिर्री माइंस निवासी इंदू चौहान पति विजय कुमार चौहान निजी स्कूल में शिक्षिका और उजाला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष हैं। 5 अक्टूबर को दोपहर करीब 2.45 बजे वह समूह के 40 हजार रुपए जमा करने के लिए बैग में रकम रखकर परसदा स्थित यूको बैंक गई थीं। एटीएम के अंदर उन्होंने बैग और पानी की बोतल रखी और रुपए निकालने लगीं। इसी दौरान एक अज्ञात युवक अंदर आया। इंदू ने उसे बाहर जाने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं गया।

रुपए निकालने के बाद उन्होंने बैग देखा तो उसमें रखे 40 हजार रुपए गायब थे। युवक भी वहां से जा चुका था। सीसीटीवी फुटेज देखने पर युवक बैग से रुपए निकालते हुए नजर आया। पुलिस ने इंदू चौहान की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

अवैध शराब के साथ आदतन बदमाश सहित 3 कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने आदतन बदमाश समेत तीन कोचियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 145 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है।

- झोपड़ीनुमा मकान में अवैध कच्ची शराब बनाकर कर रहा था बिक्री

कोटा पुलिस को सूचना मिली थी कि गनियारी निवासी आदतन बदमाश विरेन्द्र वर्मा गांव में झोपड़ीनुमा मकान में अवैध शराब बनाकर बेच रहा है। पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ा और उसके कब्जे से 113 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की।



अवैध शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी।

इसी तरह बिल्लीबंद से नवागांव की ओर बाइक से अवैध शराब ले जाने की सूचना पर कोटा नाका चौक में घेराबंदी कर बृजभूषण उर्फ मुकेश कुमार जगत (30) को पकड़ा गया। उसके पास से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली। वहीं सीपत पुलिस ने जेवरा निवासी पंचराम नेताम पिता स्व. भारत नेताम (56) को पकड़कर उसके कब्जे से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।



खबर संक्षेप

न्योता भोज कार्यक्रम के तहत बच्चों को मिला स्वादिष्ट व्यंजन



लोरमी। ग्राम झाफल प्राथमिक शाला में आओ बने इंसान और न्योता भोज कार्यक्रम के तहत पोहा, गुजिया, लौंगलता छात्रों ने आनंदपूर्वक ग्रहण किया। खाने में नयापन आने से बच्चों की उपस्थित में उत्तरोत्तर वृद्धि देखने को मिली। नेवता भोजन देने वाले जयजय राम सिंह राजपूत ने अपने जीवन के संघर्ष, चुनौती कठिनाई को पार करते हुए कैसे आगे बढ़े उसको रखा। इस अवसर पर प्रधानपाठक संजय सिंह राजपूत, चित्रलेखा निशा सहित अन्य उपस्थित रहे।

मोहबंधा में वन्यप्राणी संरक्षण विषय पर रैली, चित्रकला एवं निबंध स्पर्धा



लोरमी। वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के 5वें दिन बफ़र परिक्षेत्र के कंचनपुर परिवृत्त से लगे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोहबंधा में वन्यप्राणी संरक्षण विषय पर रैली, चित्रकला एवं निबंध का आयोजन किया गया। स्कूल के सभी विद्यार्थियों द्वारा पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी लोरमी बफ़र, परिक्षेत्र सहायक कंचनपुर, परिसर रक्षक चंदुपारा, कंचनपुर, अघरिया, परसवारा तथा स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने जीते पदक



मुंगेली। जिला एथलेटिक्स संघ तत्वावधान में हाई स्कूल मैदान में खेल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से अंडर 14 एवं अंडर 16 आयु वर्ग के 80 बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने ट्रायथलॉन, 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक सहित विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का एनआईडीजेएएम-2026 के लिए चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता लक्ष्मी पाठक तथा विशिष्ट अतिथि योगेश पाठक रहे। संचालन ईश्वर सिदार, मनोज कुमार माली, रामनारायण राजपूत, देवेंद्र सिन्हा एवं पुनदास, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष हेमंत सिंह परिहार, युगल किशोर राजपूत, सचिव सचिन मसीह एवं कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह राठौर, संजय राजपूत, धर्मजीत राजपूत, सहित निखिल राजपूत, भूपेंद्र सिंह राजपूत, अंकिता राजपूत एवं अमिता राजपूत उपस्थित रहे।

17-18 अक्टूबर को सजेगी डांडिया नाइट्स



पथरिया। नवरात्रि के अवसर पर पथरिया में लगातार तीसरे वर्ष डांडिया नाइट्स पथरिया सीजन-3 का आयोजन 17 एवं 18 अक्टूबर को पं जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। दोनों दिन कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू होगा। आयोजन को लेकर नगर के रेस्ट हाउस में समिति द्वारा डांडिया बैनर का विमोचन किया गया। आयोजकों के अनुसार 499 रुपये के कूपन पर दोनों दिन प्रवेश निःशुल्क रहेगा। जिन्हे कूपन नहीं लेना उनके लिए 100 रूपये का एंट्री पास मिलेगा। कार्यक्रम में डांडिया के साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर आयोजको ने बताया कि लगातार तीसरे वर्ष डांडिया नाइट्स का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डांडिया के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं और आकर्षक पुरस्कार लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कूपन के माध्यम से इलेक्ट्रिक स्कूटी, मोबाइल, वॉशिंग मशीन सहित 10 अन्य आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर रहेगा। इसके अलावा बेस्ट कपल, बेस्ट कॉस्ट्यूम, बेस्ट किड्स बॉय और बेस्ट किड्स गर्ल प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। इस अवसर पर पार्षद दीपक साहू, योगानंद साहू, बृजमोहन सोनवानी, राघवेंद्र परिहार, जेपी वर्मा, रीता तिवारी, पिंकी सोनवानी, पार्वती निषाद, श्रुति यादव, जया यादव, अंकिता सोनवानी, रिंकी साहू, लीशा साहू, देविका यादव सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

पथरिया व सरगांव के लिए भेजा गया प्रस्ताव

डीएमएफ मद से स्त्रीरोग विशेषज्ञ की होगी संविदा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तर से डीएमएफ मद से एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक की संविदा नियुक्ति हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया एवं सरगांव में स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्त हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला प्रशासन मुंगेली एवं राज्य शासन को नियमानुसार प्रस्ताव भी प्रेषित कर दिया गया है। उम्मीद है कि शीघ्र ही जिले में एक अतिरिक्त स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक के पदस्थ हो जाने से प्रारंभिक चरण में पूर्व की भांति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में उपलब्ध सोनोग्राफी मशीन से माध्यम से पथरिया के स्थानीय गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी सेवा का लाभ प्रदाय किया जा रहा था। विगत दिनों जिला अस्पताल मुंगेली के एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक के इस्तीफा देने के कारण वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में सोनोग्राफी सेवा प्रदाय किए जाने में कठिनाई हो रही एवं उक्त सेवा अभी अस्थायी रूप से बंद किया गया है।

- सप्ताह में एक मिलेगी सोनोग्राफी की सुविधा

विगत दिनों 5 अक्टूबर को दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में सीएचसी में मशीन मौजूद, रेडियोलॉजिस्ट नहीं शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। समाचार प्रकाशित होते ही स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए डीएमएफ मद से स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक की संविदा नियुक्ति हेतु प्रयास किया जा रहा है। जिस पर जिला मुंगेली के समस्त विकासखंडों एवं पड़ोसी जिले बेमेतरा के नवागढ़ एवं कवर्धा जिले के पंडरिया विकासखंड से बड़ी संख्या में जिला अस्पताल मुंगेली में बड़ी सोनोग्राफी कराने आने वाले गर्भवती महिलाओं एवं अन्य मरीजों का सोनोग्राफी करने का भार रहता हैं। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल मुंगेली में सीटी स्कैन मशीन का संचालन प्रारंभ होने जाने से जिला अस्पताल में पदस्थ एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट पर सीटी स्कैन करने और रिपोर्टिंग का अतिरिक्त कार्य दबाव बढ़ गया है।

एक ही रेडियोलॉजिस्ट

जिला अस्पताल में एक ही रेडियोलॉजिस्ट और स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थ होने से मरीजों के अत्यधिक दबाव के कारण उनके द्वारा जिला अस्पताल को छोड़कर अन्यंत्र शासकीय अस्पताल में सेवा देना संभव नहीं हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिला अस्पताल मुंगेली में दो स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थ थी जिसके कारण एक स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में उपलब्ध सोनोग्राफी मशीन से माध्यम से पथरिया के स्थानीय गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी सेवा का लाभ प्रदाय किया जा रहा था। विगत दिनों जिला अस्पताल मुंगेली के एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक के इस्तीफा देने के कारण वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में सोनोग्राफी सेवा प्रदाय किए जाने में कठिनाई हो रही एवं उक्त सेवा अभी अस्थायी रूप से बंद किया गया है।


150 गांवों की गर्भवती महिलाओं की बढ़ी परेशानी
सीएचसी में मशीन मौजूद, रेडियोलॉजिस्ट नहीं

खबर का असर

विधायक से मांगा है सहयोग

सीएमएचओ डॉ श्रीकेश गुप्ता ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया एवं सरगांव में स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला प्रशासन मुंगेली एवं राज्य शासन को नियमानुसार प्रस्ताव भी प्रेषित कर दिया गया है। उम्मीद है कि शीघ्र ही जिले में एक अतिरिक्त स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक के पदस्थ हो जाने से प्रारंभिक चरण में पूर्व की भांति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में सप्ताह में एक दिवस सोनोग्राफी सेवायें प्रारंभ की जा सकेंगी। स्थानीय विधायक धरमलाल कौशिक से भी उक्त संबंध में आवश्यक सहयोग हेतु समन्वय किया गया है। उन्होने भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया एवं सरगांव में स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थ करने के लिये विशेष पहल करने की बात कही है।

बदहाल पीएम सड़क की हुई मरम्मत, ग्रामीणों को राहत



लोरमी। तहसील के अंतर्गत चिल्फी, सहसपुर, खपरीकलां, लगरा से मोहडंडा तक जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की मार्ग पिछले लंबे समय से जर्जर और बदहाल स्थिति में पड़ी हुई थी। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और जलभराव होने के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। 1 सितंबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर इस जनसमस्या और ग्रामीणों द्वारा उठाई गई मांग को समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रशासन को अवगत कराया।विभाग ने संज्ञान लेकर सोमवार को जानलेवा गड्ढो को गिट्टी से भरा गया, इससे राहगीरों को मिली राहत मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग हरकत में आया और तुरंत संज्ञान लेते हुए जर्जर सड़क पर गिट्टी (मुरम/क्रशर) डालकर गड्ढों को भरकर सड़क को समतल (बराबर) करवा दिया है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष संगीता का तखतपुर में स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा का तखतपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सकरी अमित साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तखतपुर अभ्यूदय तिवारी के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर संगीता सिन्हा ने महिला सशक्तिकरण, संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने तथा स्मार्ट मीटर सहित आम जनता से जुड़े मुद्दों पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी केवल राजनीतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और जनहित के सवालों को लेकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों, बढ़े हुए बिजली बिल और उपभोक्ताओं की चिंताओं को गंभीरता से उठाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव से लेकर शहर तक जनता के बीच जाएं और उनकी समस्याओं को मजबूती से सामने लाएं। तखतपुर में अपने पहले आगमन पर मिले भव्य स्वागत से अभिभूत संगीता सिन्हा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तखतपुर की धरती पर मिला यह स्नेह संगठन के प्रति कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरिंदर कौर मक्कड, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ , पूर्व विधायक शैलेश पाण्डेय, प्रमोद नायक, प्रदेश सचिव आत्मजीत सिंह मक्कड़, अभय नारायण, अजय देवांगन, पुष्पा मुन्ना श्रीवास, शिवबालक कौशिक, मुन्ना श्रीवास ,बिसाहु राम कश्यप, हेमंत कश्यप, शिवेंद्र प्रताप, अनिल कौशिक, सुनीता बंजारे, अभिषेक पाण्डेय, मुस्तफा वनक, जितेन्द्र राज, दिनेश देवांगन, बिहारी देवांगन, करीम कुरैशी, आवेश जान, अजय ध्रुव, यकीन दास, राजवीर हुरा, रमन हुरा, गौरी देवांगन, श्रीवास, अनुपमा पाण्डे सहित अन्य उपस्थित रहे।

सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के तीन विद्यार्थियों ने पास की नीट परीक्षा





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के तीन प्रतिभावान छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत अनुशासन और लगन के दम पर देश के सबसे प्रतिष्ठित नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त किया है।

अनंत उपाध्याय, सेजल सोनकर और सुप्रिता तंबोली जिन्होंने प्रतिदिन पढ़ाई के प्रति समर्पित रहकर यह सफलता प्राप्त किया है और यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विदित हो कि छात्र अनंत उपाध्याय ने कक्षा 12वीं की परीक्षा 96 प्रतिशत प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण की एवं बिना किसी कोचिंग क्लास के प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। शाला के प्रबंध निदेशक डॉ जीएस पटनायक ने छात्रों की सफलता पर उनका उत्साह बढ़ाया।

ग्रामीणों ने सौंपे आवेदन, नियमानुसार कार्यवाही का मिला आश्वासन

मुंगेली। जनदर्शन में नागरिकों ने व्यक्तिगत एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करते हुए आवेदन सौंपे। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए तथा आवेदकों को समयबद्ध निराकरण का भरोसा दिलाया। जनदर्शन में ग्राम नुनियाकछार की कांतिबाई डहरिया ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं ग्राम लाखासार के जलेश्वर साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने तथा ग्राम कारेसरा के भीमराज ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण की मांग रखी। इसी तरह ग्राम बावली की चंद्रिका साहू ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन स्वीकृत कराने तथा ग्राम बिरगांव की गंगा यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की जारी पात्र–अपात्र सूची पर आपत्ति दर्ज कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम भरदा के तारन दास जांगड़े ने बिजली करंट से मृत भैंस के मुआवजा राशि दिलाने की मांग रखी।

सीएम साय 12 को करेंगे कंतेली महाविद्यालय भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मुंगेली जिले में 12 अक्टूबर को महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के कंतेली पहुंचेंगे तथा नवनिर्मित कंतेली महाविद्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री साय कंतेली में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में कंतेली एवं आसपास के ग्रामीण अंचल के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। नवीन महाविद्यालय भवन के लोकार्पण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अधोसंरचना और सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायज लिया.इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, गिरीश शुक्ला, मानिक सोनवानी, रजनी सोनवानी, रामशरण यादव, सौरभ बाजपेयी, राज साहू, तारा चंद टंडन, राकेश साहू, राजेश्वर सिंह टंडन, अश्वनी चंद्राकर तथा जिला प्रशासन के सभी अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थिति रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्य सभा स्थल, हेलीपैड स्थल, पार्किंग व्यवस्था, आमजन एवं कार्यकर्ताओं के प्रवेश–निकास, सुरक्षा व्यवस्था, मंच व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों को कार्यक्रम को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे जनकल्याण और जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाने की अपील किया है। अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार और विभिन्न योजनाओं से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। कंतेली में महाविद्यालय भवन का लोकार्पण इसी व्यापक भावना के अनुरूप शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सुविधा मजबूत होने से स्थानीय विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे तथा उच्च शिक्षा की पहुंच और व्यापक होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कंतेली आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वहीं भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, सुशासन, शिक्षा, जनकल्याण और जनभागीदारी का संदेश आमजन तक पहुंचाने के साथ–साथ कांटेली क्षेत्र को नवीन महाविद्यालय भवन की महत्वपूर्ण सौगात मिलेगी। 12 अक्टूबर का यह आयोजन मुंगेली जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में देखा जा रहा है।



सेजेस विद्यालय भर्रीडांड़ में 700 छात्रों पर एक भृत्य, शिक्षक खुद बजाते हैं घंटी, खुले में बनता है मध्यान भोजन

भर्रीडांड। जीपीएम जिले के मरवाही विकासखंड के स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भर्रीडांड (स्थापना 1963) में व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। करीब 700 छात्र-छात्राएं और 39 शिक्षकों के स्टाफ पर सिर्फ एक भृत्य और एक स्वीपर है। अंग्रेजी मीडियम में 361 बच्चे और 18 स्टाफ हैं, जबकि हिंदी मीडियम में 246 छात्र, छात्रायें और 20 स्टाफ हैं।

ग्रामीण प्रताप रजक, पदम चंद राय, राजेश केंवट, सुनील सिरवास का कहना है कि अंग्रेजी माध्यम शुरू हुए 4 साल से ज्यादा हो गया, लेकिन शासन ने एक भी अतिरिक्त भृत्य नहीं दिया। हालत ये है कि पीरियड बदलने के लिए शिक्षकों को खुद घंटी बजानी पड़ती है। दूसरी तरफ मिड-डे मील भी खुले टिन शेड में बन रहा है। स्वसहायता समूह की अध्यक्ष किरण यादव ने बताया कि पंचायत के माध्यम से इसी सत्र में ओपन शेड बनाया है,



उसी के नीचे चूल्हे पर खाना बनाना पड़ता है। सरपंच सुमन सिंह ने बताया कि किचन शेड के लिए प्रस्ताव जनपद भेजा गया है, लेकिन बजट नहीं होने की बात कही जा रही है। पूर्व व्याख्याता प्रकाश चंद राय और जनपद सदस्य सिम्मी दिलीप साहू ने कहा कि कर्मचारी रिटायर होते जा रहे हैं, नई भर्ती नहीं हो रही, ये शासन की उदासीनता है को दर्शाता है।

कोई समाधान नहीं

प्राचार्य कालिका सिंह ठाकुर का कहना है कि कमियों के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। वहीं डीईओ रजनीश तिवारी ने कहा - प्रिंसिपल से बात कर लीजिए।

ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सेवाओं का मिला लाभ

अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड पथरिया के ग्राम सांवा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक शामिल हुए। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सरगांव पोषण यादव, जनपद सदस्य रिजवान हक़, चित्तरेखा मनीष जांगड़े, दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, अंबालिका साहू, अनिला देवेंद्र राजपूत, मनीष साहू, परमानंद साहू, रिंकू सिंह ठाकुर, जमुना पांडे, शबाना जबीन, अनिल राजपूत, गणेश वर्मा, शंकर



राजपूत, रामेश्वर क्षत्रिय, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं और सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। शासन की मंशा है कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिया गया। श्रम कल्याण विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को श्रम पंजीयन कार्ड वितरित किए गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ दिया गया। हितग्राहियों को फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। नोनी सुरक्षा योजना के तहत 5 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। महिला स्व-सहायता समूह को चेक प्रदान कर समूह की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया गया। मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को मत्स्य जाल एवं एक आइस बॉक्स प्रदान किया गया। इससे मत्स्य पालन से जुड़े हितग्राहियों को अपनी आजीविका गतिविधियों को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों को छड़ी, श्रवण यंत्र एवं पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

आज होगा सेवा ज्योति यात्रा एवं पीएम संबोधन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सेवाए समर्पण और राष्ट्रभावना के संदेश को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित यह यात्र जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होगी। यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता रहेगी।

सेवा ज्योति यात्रा आदर्श कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौक, परमेश्वरी चौक, नंदी चौक एवं हेमू कालानी चौक होते हुए पुनः कृषि उपज मंडी में पहुंचकर समाप्त होगी। यात्र के दौरान सेवाएं राष्ट्रप्रेम और जनभागीदारी का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सेवा ज्योति यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का भी आयोजन रहेगा। इस अवसर पर सेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े संदेश को नागरिकों तक पहुंचाने के साथ ही जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही सेवा के रंग ए राष्ट्र के संग थीम पर आकर्षक रंगोली भी बनाई जाएगी।मुंगेली–जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान के तहत आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अभियान का उद्देश्य निर्धारित आयु वर्ग में बच्चों के आधार संबंधी विवरण को समय पर अद्यतन कराना हैए ताकि आधार की जानकारी सही एवं अपडेटेड बनी रहे।